आज का विचार

मनुष्य को अपनी ओर खींचने वाला यदि दुनिया में कोई असली चुम्बक है, तो वह है आपका प्रेम और आपका व्यवहार।

www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-24 अंक-107 ■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

रायपुर, गुरूवार 19 जून , 2025




सिग्नल में तकनीकी खराबी से सवा घंटे खड़ी रही अंबिकापुर शहडोल ट्रेन

टी-20 क्रिकेटः ग्लेन मैक्सवेल ने जड़ा शतक, रोहित शर्मा के बड़े रिकॉर्ड की कर ली बराबरी

# सूर्य घर बिजली मुफ्त योजना : सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने पर मिलेगी विशेष छूट

◆ नक्सली हिंसा में शहीद परिवार के सदस्य को अब किसी भी शासकीय विभाग में अनुकंपा नियुक्ति ◆ कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां सिविल लाईन स्थित उनके निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद ने अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति सूची में तकनीकी कारणों से शामिल होने से वंचित जातियों को प्राप्त होने वाली कतिपय सुविधाएं के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए डिहारी कोरवा, बघेल क्षत्री, संसारी उरांव तथा पबिया, पविया, पवीया समाज के विद्यार्थियों को अनुसूचित जनजाति के समतुल्य एवं डोमरा जाति के विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति के समतुल्य राज्य मद से मात्र राज्य छात्रवृत्ति तथा शिष्यवृत्ति प्रदान किये जाने एवं छात्रावास-आश्रमों में स्वीकृत सीट के अधीन प्रवेश दिए जाने की सुविधा प्रदान करने की सहमति दी है।

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत घर की छतों में सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना में राज्य शासन द्वारा उपभोक्ताओं को वित्तीय सहायता दिए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के माध्यम से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय सहायता के साथ-साथ राज्य की ओर से अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी, जो सोलर प्लांट की क्षमता (1 किलोवाट, 2 किलोवाट, 3 किलोवाट और उससे अधिक) के आधार पर अलग-अलग होगी। उदाहरण के लिए, 1 किलोवाट प्लांट के लिए कुल 45,000 रूपए, (30,000 रूपए केंद्रीय और 15,000 रूपए राज्य सहायता) जबकि 3 किलोवाट या उससे अधिक के प्लांट के लिए 1,08,000 रूपए (78,000 रूपए केंद्रीय और 30,000 रूपए राज्य सहायता) की मदद मिलेगी। हाउसिंग सोसाइटी/रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के लिए भी इसी तरह की सहायता प्रस्तावित की गई है। यह अनुदान राशि सीएसपीडीसीएल को अग्रिम रूप से मिलेगी और वही इसे लाभार्थियों को देगी। वर्ष 2025-26 में 60,000 और 2026-27 में 70,000 सोलर पावर प्लांट की स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2025-26 में 180 करोड़ एवं 2026-27 में 210 करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा।

सीएसपीडीसीएल इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी होगी और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसे लागू करेगी। कंपनी इस योजना के संचालन के लिए एक अलग बैंक खाता खोलेगी, जिसमें सब्सिडी की राशि रखी जाएगी और उसका हिसाब-किताब किया जाएगा। राज्य वित्तीय सहायता उन घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से दी जाएगी जिनके सोलर प्लांट का ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन 1 अप्रैल 2025 या उसके बाद हुआ है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य में वन्यजीव, खासकर बाघों के संरक्षण और ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ टाइगर फाउंडेशन सोसायटी का गठन करने का निर्णय लिया है। यह सोसायटी वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत काम करेगी। मध्य प्रदेश में यह 1996 से संचालित है। इसका मुख्य लक्ष्य छत्तीसगढ़ में लगातार घट रही बाघों की आबादी (फिलहाल लगभग 18-20) को बचाना है। यह संस्था स्व-वित्तपोषित होगी, जिससे सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह सहयोग देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं से फंड जुटाएगी।

यह सोसायटी बाघों और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में सीधे शामिल होगी। यह स्थानीय समुदाय की भागीदारी से ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देगी, जिससे न केवल पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के अवसर भी पैदा होंगे। साथ ही, यह पर्यावरणीय शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करेगी, जिससे भविष्य के संरक्षणवादी तैयार होंगे। इस पहल से संरक्षण के लिए बाहरी धन, विशेषज्ञता और संसाधन मिलेंगे, जिससे स्थानीय समुदायों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और राज्य का पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा। यह छत्तीसगढ़ में वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी, जो जैव विविधता की रक्षा के साथ-साथ ईको-टूरिज्म को भी मजबूत आधार देगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा अशासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्था रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर की सहयोगी संस्था विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल हेल्थ वेलफेयर एवं सेवायें, छत्तीसगढ़ (विश्वास) को रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में अंतर्भूत (मर्ज) करने का अनुमोदन किया गया। उद्यानिकी महाविद्यालय (उद्यानिकी विश्वविद्यालय) की स्थापना के लिए बेमेतरा जिले के साजा तहसील अंतर्गत बेलगांव में राजगामी संपदा की 94.290 हेक्टेयर भूमि में से 100 एकड़ भूमि उद्यानिकी विभाग को निःशुल्क प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

जशपुर जिले में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा हर्बल व महुआ चाय जैसे पारंपरिक उत्पाद जशप्योर ब्रांड के तहत तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने और विपणन को बढ़ावा देने हेतु इस ब्रांड को राज्य शासन अथवा सीएसआईडीसी को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव का मंत्री परिषद ने अनुमोदन किया है। ब्रांड हस्तांतरण से एग्रो व फूड प्रोसेसिंग इकाइयों को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय कच्चे माल की मांग बढ़ेगी और आदिवासी महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। ट्रेडमार्क हस्तांतरण से राज्य पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

7 मंत्रिपरिषद द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को ध्यान में रखते हुए अनुकम्पा नियुक्ति हेतु जारी एकजाई पुनरीक्षित निर्देश-2013 की कंडिका 13 (3) में संशोधन करते हुए निर्णय लिया है कि नक्सली हिंसा में शहीद पुलिस सेवकों के प्रकरण में उनके परिवार के किसी भी पात्र सदस्य (महिला या पुरूष) को विकल्प के आधार पर पुलिस विभाग के अलावा, किसी अन्य विभाग में, राज्य के किसी भी जिला, संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति दी जा सकेगी। पहले अनुकम्पा नियुक्ति यथासंभव उसी विभाग या कार्यालय में देने की व्यवस्था थी, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक निधन के पूर्व कार्यरत था।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में गौण खनिजों के सुव्यवस्थित अन्वेषण, पूर्वेक्षण एवं अधोसंरचना के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (एसएमईटी) के गठन की अधिसूचना के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में स्टेट मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट के तहत समस्त गौण खनिजों से प्राप्त होने वाली रायल्टी 2 प्रतिशत राशि अतिरिक्त रूप से एसएमईटी फंड में जमा की जाएगी। जिसका उपयोग गौण खनिजों के अन्वेषण, अधोसंरचना विकास में उच्च तकनीकों का उपयोग, इन्फॉर्मेशन सिस्टिम, लॉजिस्टिक सपोर्ट, मानव संसाधनों के उन्नयन आदि में किया जा सकेगा। भारत सरकार के नेशनल मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की तर्ज पर राज्य में स्टेट मिनिरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट का गठन किया जाएगा।

## पहला कॉलम

### बुलंदशहर में पुलिया से टकराने के बाद कार में लगी आग, एक परिवार के 5 लोग जिंदा जले

**बुलंदशहर,18 जून (ए)।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में बुधवार तड़के भयानक कार हादसा हो गया। यहां एक स्विफ्ट कार दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद आग का गोला बन गई, जिसमें दिल्ली के एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए।

हादसा सुबह 5 बजे जहांगीराबाद क्षेत्र में जानीपुर गांव के चंदौस तिराहे के पास हुआ। हादसे के समय कार में 6 लोग सवार थे, जिसमें एक 28 वर्षीय महिला घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कार पूरी तरह जल गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के मालवीय नगर का रहने वाला परिवार मंगलवार को बदायूं में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था।

जब वे वापस दिल्ली लौट रहे थे, तभी तड़के कार चालक को झपकी लग गई, जिसके बाद कार एक पुलिया से टकरा गई। हादसे के बाद कार पलट गई और उसमें आग लग गई। सिर्फ एक महिला कार से बाहर गिरी, जिससे वह घायल हो गई, जबकि अन्य 5 लोगों की जलकर मौत हो गई।

## कुछ अलग

### प्रधानमंत्री मोदी ने की डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत, कहा-पाकिस्तान युद्धविराम में भारत ने मध्यस्थता नहीं स्वीकारी

**नईदिल्ली,18 जून (ए)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे फोन पर 35 मिनट बातचीत की। इस दौरान मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का मुद्दा उठाया और साफतौर पर कहा कि भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी।

उन्होंने दोनों देशों के बीच किसी तीसरे देश की मध्यस्थता से भी इंकार किया है। उन्होंने कहा है कि भारत ने न कभी मध्यस्थता स्वीकारी है, न स्वीकार करता है और न कभी स्वीकार करेगा।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि ट्रंप और मोदी की मुलाकात कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान होनी तय थी, लेकिन ट्रंप वहां से जल्द ही लौट गए। इसलिए यह मुलाकात नहीं हो पाई।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह के बाद मोदी की उनसे बात हुई थी। यह 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार ट्रंप और मोदी के बीच सीधी बातचीत थी।

विदेश सचिव ने बताया कि बातचीत के दौरान मोदी ने ट्रंप को साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान के आग्रह पर ही सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में भारत-पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर, दोनों सेनाओं के बीच मौजूदा सैन्य चैनलों के माध्यम से हुई थी।

मोदी ने ट्रंप से यह भी कहा कि पाकिस्तान युद्धविराम के लिए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर भी कोई बात नहीं हुई थी।

## खरी-खरी




# केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ा हादसा, लैंडस्लाइड की चपेट में आए कई लोग, दो की गई जान



**रुद्रप्रयाग,18 जून (ए)।** केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया. इस हादसे में दो लोगों के मौत की खबर है, जबकि तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं. रेस्क्यू टीम ने घायलों का रेस्क्यू किया और उन्हें हॉस्पिटल भिजवाया. वहीं एक व्यक्ति लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है. दो दिन पहले भी भारी बारिश के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक व्यक्ति की मौत हुई थी. जानकारी के मुताबिक केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर आज बुधवार 18 जून सुबह करीब 11.20 जंगलचट्टी गधेरे के पास ऊपर पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरे. पांच लोग इस मलबे की चपेट में आ गए. मामले की सूचना मिलते ही चौकी जंगलचट्टी पर नियुक्त पुलिस बल और डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. बताया जा रहा है कि मलबे की चपेट में आने से कुछ लोग खाई में भी गिर गए थे, जिन्हें रेस्क्यू कर ऊपर लाया गया. अब तक मिली जानकारी के अनुसार 3 व्यक्तियों को चोटें आयी हैं, जिनमें से एक महिला को हल्की चोटें और दो पुरुषों को गंभीर चोटें आयी हैं. सभी घायलों को गौरीकुण्ड के लिए रेफर किया गया है. इसके अलावा दो लोगों की मौत हुई है.

# बिहार में इंडिया गठबंधन एकजुट है, एक महीने में हो जाएगा सीटों का बंटवारा: कांग्रेस

**नई दिल्ली,18 जून (ए)।** कांग्रेस ने सहयोगी दलों और पार्टी के भीतर गहन विचार-विमर्श के बाद कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन एकजुट है और वह लगभग एक महीने में सीट बंटवारे पर बातचीत पूरी हो जाएगी. बिहार के प्रभारी एआईसीसी सचिव सुशील पासी ने बताया, इंडिया ब्लॉक में माहौल अच्छा है. कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं है. हमने सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू कर दी है, जो लगभग एक महीने में पूरी हो जाएगी. गठबंधन की भावना से विचार-विमर्श किया जा रहा है. पिछले महीनों में जब कांग्रेस ने आक्रामक तरीके से मतदाताओं तक पहुंचना शुरू किया तो ऐसा लग रहा था कि यह पुरानी पार्टी 2020 के चुनावों में लड़ी गई 243 में से 70 सीटों से अधिक सीटों की मांग करेगी, लेकिन पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि 2025 में ध्यान सीटें जीतने पर है. कांग्रेस 2020 में केवल 19 सीटें जीत पाई थी और इस बार अपनी संख्या में सुधार करना चाहती है. इसके लिए विस्तृत सर्वेक्षण किए जा रहे हैं और जिला इकाई प्रमुखों से फीडबैक लिया जा रहा है, जो राहुल गांधी के निर्देशानुसार टिकट वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. पासी ने कहा, पार्टी अपना खुद का सर्वेक्षण करती है, लेकिन हम इसमें शामिल नहीं हैं. जहां तक स्थानीय टीम प्रमुखों का सवाल है, हम निश्चित रूप से विभिन्न सीटों और उम्मीदवारों पर उनसे फीडबैक ले रहे हैं. मुख्य ध्यान हमारी मजबूत सीटों और जीतने की संभावना पर है, न कि सीटों की संख्या पर. पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि जातिगत कारक और मजबूत उम्मीदवारों की उपस्थिति सभी गठबंधन टिकटों के लिए कारक होंगे क्योंकि नामांकन में उन लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करना होगा जो अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में बदलाव की तलाश कर रहे हैं. पासी ने कहा, इस बार मतदाताओं के मूड का सम्मान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें खुद को एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश करना है. इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, कांग्रेस प्रबंधकों ने हाल ही में 19 विधायकों और तीन सांसदों के साथ एक रणनीति सत्र आयोजित किया, जिसमें चुनाव अभियान की व्यापक रूपरेखा पर चर्चा की गई. कांग्रेस के नेता शकील अहमद खान ने कहा सभी नेताओं ने अभियान की प्रकृति पर अपने सुझाव दिए हैं. सभी चाहते हैं कि पार्टी नौकरी, शिक्षा, महिला कल्याण, सुशासन आदि जैसे मुद्दों को लेकर लोगों के बीच आक्रामक तरीके से जाए और सरकार बदलने का वादा करे.

# केरल से दिल्ली तक बरस रहे बादल, सप्ताह के अंत तक देशभर में छाएगा मानसून



**नईदिल्ली,18 जून (ए)।** देश के कई राज्यों में मानसून के प्रवेश के साथ ही पहली भारी बारिश ने उथल-पुथल मचाना शुरू कर दिया है। मुंबई, कोंकण, कर्नाटक, केरल और गुजरात के कई हिस्सों में झमाझम बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बुधवार (18 जून) को पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा उत्तर भारत के दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बारिश की संभावना जताई गई है। इस सप्ताह के अंत तक मानसून सभी राज्यों में पहुंच जाएगा।

आईएमडी के मुताबिक, उत्तरी अरब सागर, गुजरात के शेष भागों, राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, छत्तीसगढ़, झारखंड में मानसून आगे बढ़ सकता है।

इसके साथ ही बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 2 दिनों में इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, गुजरात में निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के प्रभाव से बारिश होने के आसार हैं। साथ ही पूर्वोत्तर भारत में अगले 2-3 दिन भारी बारिश की संभावना है।

दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भी राजधानी के कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश हो सकती है। इस दौरान बादल गरजने, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

दूसरी तरफ आर्थिक राजधानी मुंबई में सुबह से ही मेघ बरस रहे हैं और यहां भारी बारिश का अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश और बिहार में भी मानसून की आहट से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बिहार में कुछ जगहों पर झमाझम बारिश भी हो रही है।

बिहार के 6 जिलों में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई है।

दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में बुधवार को गरज-चमक के साथ बारिश होने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 19-20 जून को मानसून के चलते भारी बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान में मंगलवार से मानसून पूर्व की गतिविधियों ने जोर पकड़ लिया है, जिससे प्रदेश बादल छाए रहने से गर्मी कमजोर पड़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 1-2 दिन में मानसून दस्तक दे सकता है, जिससे पूर्वी इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। राज्य में अगले 7 दिनों तक बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश के साथ 50-60 किमी/घंटा की तेज हवा चलने की संभावना है।

गुजरात के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में हुई मूसलाधार बारिश से कई नदियां उफान पर आने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य के कुछ हिस्सों में अगले 4 दिनों में अत्यधिक बारिश होने की संभावना है।

कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ क्षेत्र के लिए मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। यहां पिछले 24 घंटे में दोगुनी से अधिक बारिश दर्ज की गई।

महाराष्ट्र, केरल समेत पूर्वात्तर राज्यों में भी झमाझम बारिश के कारण हालात बिगड़े हुए हैं।







■ रायपुर ■ बैकुण्ठपुर (कोरिया) एवं अम्बिकापुर (सरगुजा) से एक साथ प्रकाशित

## नाबालिग का शव पोखरी में पड़ा मिला

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** दिमागी रूप से अस्वस्थ नाबालिग का शव पोखरिया खदान के क्वारी के पानी में औंधे मुंह पड़ा मिला।परिजनों की सूचना पर जयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।पुलिस ने बताया कि जयनगर दरीर्पारा निवासी आनंद राम बिझिया का साढ़े सत्रह वर्षीय पुत्र भुनेश्वर जो बचपन से ही दिमागी रूप से अस्वस्थ था ,इलाज के बावजूद सुधार नहीं होने से परिवार उसे उसी हालत में छोड़ दिया जो गांव में ही आसपास घूमता रहता था दोपहर व शाम को वह खाना खाने घर आता था।पुलिस को परिजनो ने बताया कि मंगलवार सत्रह जून को दोपहर उनका बेटा भुनेश्वर खाना खाकर निकला जो रात को वापस घर नहीं लौटा जिसके बाद परिजन आसपास संभावित जगहों पर उसकी पता तलाश किया लेकिन नहीं मिला दूसरे दिवस प्रातः उसके पिता आनंदराम अन्य साथियों के साथ खोजते हुए पास के पोखरी पहुंच गए तो पाया कि भुनेश्वर बंद खदान के क्वारी के पानी में औंधे मुंह पड़ा था, जिसकी सूचना पुलिस को देकर शव पंचनामा पीएम उपरांत पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।अनुमान लगाया जा रहा है कि शौच के दौरान अथवा नहाने के प्रयास के दौरान पैर फिसल क्वारी में डूब जाने से भुनेश्वर की मौत हुई होगी।

## पीएम श्री सेजेस जयनगर में ग्यारहवीं में प्रवेश प्रक्रिया आज से

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** पीएम श्री सेजेस जयनगर में नए शिक्षा सत्र के लिए कक्षा ग्यारहवीं में वाणिज्य संकाय के अलावा जीव विज्ञान व गणित संकाय में प्रवेश के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया १९ जून से प्रारंभ हो जाएगी। आवेदन फॉर्म भरने का अंतिम तिथि ३० जून निर्धारित की गई है। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि रिक्त सीटों की संख्या वाणिज्य संकाय में २०, विज्ञान संकाय में ०५ व गणित संकाय में ०८ है। उन्होंने बताया कि ३ जुलाई को प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन संस्था द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात ७ जुलाई से कक्षा ११ वीं में प्रवेश हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

## प्रेमलता गोयल अग्र श्री गौरव सम्मान से सम्मानित

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन कोलकाता के द्वारा १२ जून २०२५ द्वितीय अग्र अलंकरण समारोह खाटू श्याम जिला सीकर राजस्थान छत्तीसगढ़ भवन में आयोजित किया गया। जिसमें विश्व भर से ३५ अग्रवाल विभूतियां एवं ४७ अग्र श्री गौरव सम्मान अग्रवाल समाज में किए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर चयनित प्रेमलता गोयल अंबिकापुर को अग्र श्री गौरव का मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल एवं राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती उमा बंसल द्वारा शील्ड , प्रशस्ति पत्र से उनके द्वारा किए गए कार्य शिक्षा के क्षेत्र एवं समाज सेवा एवं पर्यावरण पर पुरस्कृत किया गया।



### निधन
### बृजेश पांडेय

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** ग्राम कुरुवां निवासी बृजेश पांडेय ४३ वर्ष का इलाज के दौरान मुंबई में आज निधन हो गया।जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार १९ जून को वाराणसी में किया जाएगा। स्व बृजेश पांडेय पंचवटी ढाबा के संचालक थे एवं राम श्रृंगार पांडेय व अरुण पांडेय के अनुज भ्राता थे।वे अपने पीछे एक पुत्र,पुत्री,पत्नी मां समेत भरापुरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं।



# आस-पास



# सिग्नल में तकनीकी खराबी से सवा घंटे खड़ी रही अंबिकापुर शहडोल ट्रेन

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अंबिकापुर से शहडोल के लिए बुधवार को रवाना हुई अंबिकापुर शहडोल एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक १८७५६ बिश्रामपुर स्टेशन यार्ड के सिग्नल में अचानक आई तकनीकी खराबी की वजह से यात्री ट्रेन एक घंटे बीस मिनट बिश्रामपुर स्टेशन में फसी रही।स्टेशन में सिग्नल कर्मचारी के आभाव के कारण काफी जद्दोजहद के बाद प्रातः दस बजकर चालीस मिनट में पायलेट इन पायलेट आउट के जरिए बिना सिग्नल के मैनुअली ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।बताया गया कि दो दिनों से उत्तर सरगुजा में मानसून सक्रिय होने के बाद मंगलवार से ही रुक रुक कर बारिश हो रही है लगातार बारिश और मौसम के मिजाज बदलने से इसका असर रेलवे के सिग्नल और संचार सिस्टम पर पड़ा है।बुधवार को अंबिकापुर से रवाना होकर अंबिकापुर शहडोल ट्रेन जैसे ही बिश्रामपुर स्टेशन इन कर रही थी तभी सिग्नल सिस्टम अचानक ठप्प हो गया सिग्नल के आभाव में गाड़ी जयनगर रेलवे फाटक में खड़ी हो गई काफी समय बाद सुधार नहीं होता देख एनएच ४३ में जाम लगता देख गाड़ी को मैनुअली पायलेट इन के जरिए किसी तरह बिश्रामपुर स्टेशन लाया गया अब यहां से गाड़ी को रवाना करने पुनः सिग्नल की आवश्यकता पड़ने घंटे भर सुधार के बाद भी सिग्नल सिस्टम दुरुस्त नहीं होने के बाद निर्धारित समय नव बस की जगह एक घंटे बीस मिनट विलंब से ट्रेन को १०.४० बजे मैन्युअली पायलेट आउट कर गंतव्य के लिए रवाना कराया गया।बता दें कि सिगनलिंग की नई तकनीक आ जाने के बाद स्टेशनों में स्टॉफ की संख्या कम हो गई है।इस वजह जब सिग्नल फेल अथवा अन्य कोई दिक्कत होने की स्थिति में स्टेशन मास्टर को गाड़ियों का परिचालन कराने में पसीने छूट जाते हैं वर्तमान में स्टेशन मास्टर के साथ एक परिचालन सहायक की ड्यूटी लगती है ऐसे में विलंब की स्थिति कभी कभार निर्मित होती है।घटना के बाद सिग्नल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच सिग्नल को दुरुस्त कर दिया है जिससे सभी गाड़ियों का परिचालन तय समय से होना शुरू हो गया है।



# आबकारी उपनिरीक्षक पर देशी शराब पकड़ने के बाद रूपये मांगने का लगा आरोप

**रामानुजगंज।(अम्बिकावाणी समाचार)।** नगर के वार्ड क्रमांक १५ में आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा देसी शराब पकड़ने के बाद २०००० रूपय रिश्वत मांगने का संगीन आरोप नगर के वार्ड क्रमांक १५ के पार्षद सिद्धांत यादव एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी गुप्ता ने लगाया। वहीं दोनों युवा नेताओ ने कहा कि जब हम लोगों के द्वारा घूस लिए जाने का विरोध किया गया तो उनके द्वारा अपमानित करने वाले शब्द का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई। जिसके बाद व्यथित होकर दोनों युवा नेताओं ने अलग-अलग आवेदन रामानुजगंज थाने में दिया है।

सिद्धांत यादव एवं अश्वनी गुप्ता ने आबकारी उप निरीक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाए। दोनों युवा नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में भयाक्रांत कर आबकारी विभाग के द्वारा जमकर गरीब आदिवासी परिवारों से वसूली की जा रही है। जिसके कई प्रमाण हम लोगों के पास है। हद तो तब हो गई जब रामानुजगंज क्षेत्र में भी इनके द्वारा अवैध वसूली के लिए पहले तो २ लीटर से कम देसी शराब को पकड़ा उसके बाद केस बनाकर २०००० रुपए मांगे गए थे। सिद्धांत यादव ने बताया कि मैं वार्ड क्रमांक १५ का पार्षद हूं जिस कारण जिनके द्वारा इन्हें आरोपी बताया जा रहा है उनके पुत्र ने मुझे फोन कर जानकारी दी १०० बिस्तर अस्पताल में २०००० रुपए लेकर पुत्र गया हुआ था। जो देने की तैयारी थी परंतु मैं मेरे साथ भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री अश्वनी गुप्ता भी थे। हम लोगों ने गरीब परिवार से घूस लिए जाने का विरोध किया। यह बात उन्हें नागवार गुजरी एवं हम लोगों से आपा खोकर आबकारी के नीरज साहू बदतमीजी करने लगे। यहां तक की काफी अपमानजनक शब्द भी उनके द्वारा बोले गए। दोनों युवाओं नेताओं ने कहा कि अवैध रूप से शराब बिक्री का हम सब हमेशा से विरोध करते आए है।परंतु जिस प्रकार से आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा अवैध वसूली लगातार क्षेत्र में की जा रही है इसका हम खुलकर विरोध करेंगे।



**२०००० मंगाए जाने की बात कबूली**

दोनों युवा नेताओं के द्वारा वीडियो जारी करते हुए यह दावा किया गया कि जो २०००० रुपए आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा मांगे गए थे हम लोगों ने जब इसका विरोध किया तो वह स्पष्ट रूप से स्वीकारा कि यह पैसा वकील के लिए मांगे थे। सवाल खड़ा होता है कि यदि वे पकड़ रहे तो वह छुड़वाने की व्यवस्था क्यों बनवा रहे हैं। स्पष्ट है कि वह पैसा घूस के लिए मांगे थे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** दुष्कर्म के आरोपी को थाना सीतापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी १६ जून को थाना सीतापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक ८ फरवरी कों रजपुरी थाना सीतापुर निवासी सुलेन्द्र एक्का प्रार्थी के नाबालिग लड़की कों पसंद करने की बात बोलकर शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है, मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सीतापुर मे आरोपी के विरुद्ध धारा ८७, ६४(२) बी.एन.एस. एवं पोक्सो एक्ट की धारा ५(ठ), ६ का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश कर पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपना नाम सुलेन्द्र एक्का उर्फ सुरेन्द्र आत्मज बरना एक्का उम्र २५ वर्ष निवासी रजपुरी थाना सीतापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक शशिप्रभा दास, आरक्षक सेवक राम, दिलबोधन कुमार, सैनिक रमेश अगरिया सक्रिय रहे।

# संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** महाविद्यालय में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर आइक्यूएसी एवं खेल क्लब के तत्वाधान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती लक्ष्मी सिंह( लेक्चरार डाइट कॉलेज ऑफ अंबिकापुर ) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । कार्यक्रम की शुरूआत गणेश स्तुति एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लक्ष्मी दीदी ने संतुलित आचार, विचार और व्यवहार जैसे शब्दों से ही शुरूआत की जिसमें ओमकार उच्चारण से मानसिक शांति और सफल जीवन की धुरी है, को समझाते हुए प्राचीन भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला साथ ही विभिन्न प्रकार के आसन, प्राणायाम योग मुद्रा करा कर,उनकी उपयोगिता और उनके महत्व को बहुत ही सरल, सहज और सुबोध ढंग से बताते हुए सांसों पर स्वयं के नियंत्रण की विशेषता को भी बखूबी समझाई ।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय के द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों ने अद्भुत और आकर्षक पिरामिड की प्रस्तुति दी जिसमें योग के विभिन्न पहलुओं को बहुत ही अच्छे ढंग से दशार्या, यह पिरामिड केवल ध्यानाकर्षण ही नहीं बल्कि यह योग के महत्व और उसके विभिन्न पहलुओं को प्रभावी ढंग से अनेक कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किए, जिसकी प्रशंसा उपस्थित सभी ने करध्वनि से की ।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में विषय से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी सदन ने अपनी - अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति दी जिसमें क्रमशः प्रथम स्थान पर आरती यादव एवं स्वाति तिर्की, द्वितीय - आस्था सिंहा एवं असीम लता एवं तृतीय स्थान पर दिनेश कुमार एवं श्रुति शर्मा रहीं ।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. पूजा दुबे ने अतिथि को प्रमाण पत्र देकर आभार व्यक्त किया । समस्त कार्यक्रम, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अंजन सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापक सुमन पांडे, डॉक्टर पूजा दुबे, डॉक्टर रानी पांडे,चंदा सिंह,नीरु त्रिपाठी एवं श्वेता त्रिपाठी के निरीक्षण एवं निर्देशन में तथा बीएड द्वितीय सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षार्थियों के सहभागिता से कार्यशाला संपन्न कराया गया ।

# युक्तियुक्तकरण और सेटअप बदलने के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर जताया विरोध

**बलरामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक पवन सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश संचालक संजय शर्मा व अन्य २२ प्रदेश संचालको के मार्गदर्शन मे स्कूल खुलने के पहले ही दिन बलरामपुर जिला सहित प्रदेश के शिक्षकों द्वारा अपने स्कूलो मे ही काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है जिला संचालक ने बताया कि शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ का युक्ति युक्तिकरण रद्द करने, २००८ का सेटअप लागू करने, सोना साहू के तर्ज पर एरियर्स सहित समस्त शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने, प्रथम सेवागणना कर पुरानी पेंशन सहित समस्त लाभ देने एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता खत्म करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक आज से काली पट्टी लगाकर स्कूल गए है। इस प्रकार साझा मंच का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी है। यह कि प्रदेशभर के २३ शिक्षक संगठनों के संयुक्त फोरम शिक्षक साझा मंच द्वारा अपनी मांगों को लेकर विगत दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है।



समय के साथ हमने अपने आंदोलन का स्वरूप बदला है। अब हम बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलवाएंगे। गणवेश एवं कापी पुस्तक वितरण कराएंगे। नियमानुसार प्रतिदिन स्कूल जाकर बच्चों की पढ़ाई भी लगातार करवाएंगे। इसके साथ ही साथ प्रतिदिन १६ से ३० जून तक काली पट्टी लगाकर काम करते हुए सरकार की गलत नीतियों का सांकेतिक विरोध जारी रहेगा

साझा मंच के प्रदेश संचालकगण ने कहा कि प्रदेशभर में १६ से ३० जून तक सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव समारोह में आए हुए ग्रामीणजन, गांव के पंच सरपंचगण, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, पालक समिति एवं विद्यालय प्रबंध समिति को सभी शिक्षको द्वारा राज्य सरकार की शिक्षा और शिक्षक विरोधी कार्यो को बताया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी प्राथमिक, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक-एक शिक्षकों की संख्या कम की गई है। प्रधान पाठक के पदों को समाप्त किया जा रहा है। स्कूलों को मर्ज करने से प्रधान पाठक के पद समाप्त हो गए हैं।

स्कूलों में शिक्षकों के पदों में कमी करने से गुणवत्ता प्रभावित होगी। प्राथमिक शाला में मात्र दो शिक्षक रह गए। इस प्रकार मिडिल स्कूल में मात्र ३ से ४ शिक्षक ही रहेंगे। क्या इन तीन से चार शिक्षकों और प्राथमिक शाला में दो शिक्षकों से शिक्षा में गुणवत्ता आ पाएगी।

यह एक बड़ा प्रश्न है। इसी बातों को लेकर शिक्षक साझा मंच का प्रदेश भर में काली पट्टी लगाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी है। शिक्षक साझा मंच ने छत्तीसगढ़ में प्रदेश के सभी जिले, समस्त विकासखंड एवं समस्त संकुलों में संघ प्रतिनिधियों एवं समस्त आम शिक्षक साथियों से अपील की है कि सभी शिक्षक आज से ३० जून तक प्रतिदिन काली पट्टी लगाकर स्कूल जाए एवं सरकार की गलत नीतियों का विरोध करें।

# बड़ा न कोई देश से, करें देश से प्यार, इस पर मिटने के लिए, सदा रहें तैयार

## रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी

अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।

वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर तुलसी साहित्य समिति के द्वारा शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सच्चिदानंद पाण्डेय थे।

शुभारंभ मां वीणावती के सामूहिक पूजन से हुआ। तुलसीकृत रामचरितमानस व कविवर एसपी जायसवाल द्वारा लिखित सरगुजिहा रामायण का संक्षिप्त पाठ भी किया गया। कवि प्रकाश कश्यप ने मां सरस्वती की भक्तिमयी आराधाना अपने सुमधुर गीत- मां शारदा तुझको नमन, खुशियों से भर दे सबके मन, जग में कहीं ना क्लेश हो, सुख-शांति का परिवेश हो, एक हों, सब नेक हों, यह धरा सबका चमन द्वारा करते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। वरिष्ठ साहित्यकार एसपी जायसवाल ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जन्म १९ नवम्बर सन् १८२८ को वाराणसी में हुआ था। वे घुड़सवारी, तीरंदाजी व तलवारबाजी- जैसी युद्ध कलाओं में अत्यंत निपुण थीं। सन् १८४२ में उनका विवाह झांसी के राजा गंगाधर राव से हुआ था। उनकी निःसंतान मृत्यु के कारण लार्ड डलहौजी की हड़प नीति के तहत उनके दत्तक पुत्र दामोदर राव को अंग्रेजों ने झांसी का उत्तराधिकारी स्वीकार नहीं किया और झांसी पर कब्जा करने की कोशिश की। रानी ने इसका प्रबल प्रतिरोध किया और अंग्रेजों से युद्ध करते हुए १८ जून १८५८ को ग्वालियर के निकट कालपी में वह वीरगति को प्राप्त हो गईं। जायसवाल ने अपनी ओजमयी कविता द्वारा भी रानी लक्ष्मीबाई के अद्भुत पराक्रम का चित्रण किया- वह लहू नहीं किसी मतलब का जिसमें उबाल का नाम नहीं। युद्ध छेड़ दी थी रानी ने, अनेक गोरे खेत रहे! वरिष्ठ व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय ने भारत को वीरों की भूमि बताते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई भी देश के इन्हीं अन्यतम वीरों में से एक थीं, जिन्होंने अपनी मातृभूमि झांसी को कभी अंग्रेजों का गुलाम नहीं होने दिया और अंतिम सांस तक वह अंग्रेजों से लड़ती रहीं। कवयित्री व अभिनेत्री अर्चना पाठक ने रानी लक्ष्मीबाई को अप्रतिम साहसी, बुद्धिमती और प्रत्युत्पन्नमतिसंपन्न बताते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से देश के लिए मर-मिटने, स्वाभिमान से जीने, विपत्तियों से न घबराने, धैर्य, साहस, दृढ़ निश्चय बनाए रखने तथा नारी को अबला न समझने की विपुल प्रेरणा मिलती है। उन्होंने रानी की वीरता और धीरता के विषय में ओजस्वी कविता भी प्रस्तुत की- वीरता की आन-बान-शान-सी दमकती थी, धीरता में उनका न कोई उपमान था। झांसी की थी रानी वह, सत्यता से कहूं यह- रानी के समान बस रानी का ही मान था!



गोष्ठी में वरिष्ठ गीतकार पूनम दुबे ‘वीणा’ ने अपने गीत में भारत देश को सबकी आंखों का तारा बताया- भारत ये प्यारा है, सबकी आंखों का तारा है। अखिल विश्व से न्यारा है, भगवन् देश यह हमारा है! संस्था के अध्यक्ष चर्चित दोहाकार व शायर मुकुंदलाल साहू ने वतन के लिए मर-मिटने का उद्घोष अपने दोहे में किया- बड़ा न कोई देश से, करें देश से प्यार। इस पर मिटने के लिए, सदा रहें तैयार। कवयित्री माधुरी जायसवाल ने भी यही स्वर बुलंद किया- इस धरा के लिए, इस गगन के लिए, हम जिएंगे-मरंगे वतन के लिए। आओ हम सब गले-से-गले मिल चलें, सारी दुनिया में चैनों-अमन के लिए! कवयित्री अंजू प्रजापति ने देश को दिनकर के सदृश देदीप्यमान बताया- हरियाली खेतों की मुस्कान, बहती नदियों से पहचान। सूरज-सा उजाला जहां, वो मेरा भारत महान्! वरिष्ठ कवयित्री मीना वर्मा का बलिदानी संकल्प उनकी कविता में नुमायां हुआ- वतन पर आंच न आए, भले सर चाक हो जाए। मैं जननी हूं लला तेरी, कोख मेरी न शर्माए! कवयित्री आशा पाण्डेय ने सदैव भारत में ही जन्म लेने की उत्कंठा व्यक्त की- वीर लाल बन भारती की, कर सकूं रक्षा वतन की। जब-जब जनम लूं धरा पर, वो माटी हो मेरे हिन्दुस्तान की! कवि संतोष सरल ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए पड़ोसी पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशस्त्र प्रतिकार का पुरजोर समर्थन करते हुए कविता पेश की- सिंदूर मिटा जब मांओं का पहलगाम की घाटी में।

मोदी ने मारा ब्रह्मोस पाकिस्तान की छाती में! आशुकवि विनोद हर्ष ने भी हुंकार लगाई- लहूलुहान कर डाली बैसारन की घाटी, अविरल रक्त की धारों में। धर्म पूछकर गोली मारी, एके सैंतालीस से मक्कारों ने! वरिष्ठ कवि चंद्रभूषण मिश्र ‘मृगांक’ की कविता- वो रूप बदलना चाहिए, वो रंग बदलना चाहिए, समय की मांग हो तो संविधान को सप्रसंग बदलना चाहिए- को श्रोताओं ने खूब सराहा। शायर-ए-शहर यादव विकास ने गजल- जो हुआ उसे भुलाया जाए, आइए हाथ मिलाया जाए- के द्वारा सबको जीवन में वैरभाव भुलाकर, परस्पर मेल-मिलाप, सद्भावना बनाए रखने की गुजारिश की। गोष्ठी में कवि अम्बरीष कश्यप, रामलाल विश्वकर्मा और अमित प्रेम ने भी अपनी उत्कृष्ट कविताएं प्रस्तुत कीं। अंत में कवि प्रताप पाण्डेय की इस अदम्य जिजीविषा बनाए रखने का पैगाम़ देती कविता से कार्यक्रम का यादगार समापन हुआ- आहिस्ता चल जिंदगी कई फर्ज निभाना बाकी है। जब सासों को थम जाना है, फिर क्या खोना, क्या पाना है! मन के जिद्दी बच्चे को यह बात बताना बाकी है! धन्यवाद ज्ञापन संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष माधुरी जायसवाल ने जताया। इस अवसर पर लीला यादव, मनीलाल गुप्ता, संजू यादव आदि काव्यप्रेमी उपस्थित रहे।

अम्बिकावाणी
रायपुर, गुरूवार 19 जून, 2025



# सम्पादकीय

यदि लोग आपको मूर्ख बनाने का प्रयास करें तो याद रखें नम्रता व शान्ति में बहुत बड़ी समझदारी है।

0 ब्रम्हकुमारी

संपादकीय

## हत्या सिर्फ हत्या है

*हनीमून के लिए मेघालय गई सोनम को पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया। राजा व सोनम 23 मई से लापता थे। दो जून को राजा का शव खाई में मिला था, जबकि सोनम का लापता थी। पुलिस के अनुसार उसने भाड़े के हत्यारों के साथ मिलकर साजिश रची थी।*

*11 मई को दोनों की परिवार की मर्जी से शादी की हुई थी। 21 मई को दंपति शिलांग पहुंचा। राज कुशवाहा सोनम के पिता की दुकान में काम करता था। जिसके साथ सोनम के रिश्ते थे। इन दोनों ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर बीस लाख रुपये में राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची और पेड़ काटने वाली छोटी कुल्हाड़ी दाव ऑनलाइन मंगाई। राजा की मां का कहना है, सोनम के विवाह में रुचि न लेने व फोन न सुनने से राजा उखड़ा-उखड़ा रहता था।*

*मगर सोनम की मां का इस पर कहना था, उनका परिवार काफी सख्त है इसलिए उनकी बेटी अपने होने वाले पति के साथ मुलाकातें नहीं कर सकती। हनीमून की बुकिंग भी सोनम ने ही करवाई थी। शादी के बाद उसका बर्ताव ससुरालियों से अच्छा ही था, वह सबसे मिल-जुल कर रही और हनीमून के दरम्यान सबसे फोन पर बातें भी करती रही। सोनम के परिजन उसे बेगुनाह बता रहे हैं और सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं।*

*परिवारों की मर्जी से शादी करने वाली नवविवाहिताओं में इस तरह का आवेश देखकर कहा जा सकता है कि परिजनों को अरेंज मैरिज को लेकर अपने विचार बदलने होंगे। जात-बिरादरी के बंधनों व आर्थिक स्तर को लेकर वैवाहिक संबंधों को बनाने की रवायतों में ढील लानी होगी। परिपक्व उम्र की लड़कियां घर के बड़ों के समक्ष जो आक्रोश व्यक्त नहीं कर पातीं, वह विवाह के उपरांत जानलेवा साबित होता नजर आ रहा है। समाज के बदलते परिवेश में बंदिशों की जगह नहीं रही है। यह गंभीर सामाजिक व पारिवारिक मसला बनता जा रहा है।*

*इस पर गहन चिंतन की जरूरत है। विवाह पूर्व मैरिज काउंसलर व परिवार विशेषज्ञों की राय भी जरूरी है। अभी समाज दहेज हत्याओं से उबर नहीं पाया है कि यह नये तरह का संक्रमण दंपतियों को चपेट में ले रहा है। इस तरह की हत्या सोची-समझी साजिश का परिणाम होता है। मर्जी के बगैर विवाह या विवाह विच्छेदन को लेकर दायरे बदलने होंगे। सुपारी देकर मौत के घाट उतारने वाली स्त्री को माफ नहीं किया जाना चाहिए। हत्या सिर्फ हत्या है। उसमें लैंगिक पक्षपात की कोई जगह नहीं है।*

# सड़कें, जिन्होंने भारत के विकास की दिशा बदल दी!

नितिन गडकरी

*साल 2014 में जब नरेन्द्रा मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, उसी क्षण से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्चर प्राथमिकता देती आई है। इस दिशा में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय बुनियादी ढांचे के विकास का केंद्र बिंदु बन गया। मोदी के नेतृत्व में इस मंत्रालय ने न केवल देश के आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि वर्ष 2014 से लेकर इन 11 वर्षों के दौरान इसे एक नया आयाम भी दिया है।*

पूर्ण हो चुके और बनने वाले दोनों प्रकार के राजमार्गों के निर्माण - ने देश के विकास की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुशल राजमार्ग, जलमार्ग और रेलवे, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी ला सकते हैं और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को 'विश्वगुरुइ बनाने का सपना देखते हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस सपने को साकार करने के लिए, हमें निर्यात बढ़ाने की जरूरत है, जिसकी बदौलत कृषि, सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देगा। पिछले 11 वर्षों में निर्मित सड़कों ने हमारी लॉजिस्टिक्सत की लागत को 16 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है, और अगले वर्ष, हमारा लक्ष्य इसे और कम करके 9 प्रतिशत पर लाना है। इससे हमारे निर्यात में वृद्धि होगी, हम अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे, और भारत को 'विश्वगुरुइ बनने की दिशा में और अधिक प्रबल रूप से आगे बढ ? में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय देशभर में 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहा है। बंदरगाहों को जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 3,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्ग भी बनाए जा रहे हैं। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार के प्रयास भी आकार ले रहे हैं। 22,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई बौद्ध सर्किट परियोजना ने दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान बुद्ध की जन्मस्थली आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की है। इसके साथ ही, चार धाम स्थलों - बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री - पर जाने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन गुनी हो गई है। केदारनाथ को जोड ? के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। कैलाश मानसरोवर को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। भारत में, खास तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में, 'उड़ने वाली बसोंइ का सपना साकार होने की कगार पर है। इसमें हवा में उड ? वाली बसें, फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बसें और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए उड ? वाली डबल-डेकर बसें शामिल हैं। दिल्ली के धौला कुआं से मानेसर तक स्काईवे सिस्टम पर आधारित उड ? वाली बस सेवा लगभग अपने अंतिम चरण में है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह प्रयोग इस विशेष मार्ग पर यातायात जाम की स्थाणयी समस्यॉ को हल करने में महत्वपूर्ण होगा। नागपुर में जल्द ही पहली फ्लैश-चार्जिंग इलेक्ट्रिक बस लॉन्च की जाएगी। इसमें 135 सीटें, एग्जीक्यूटिव क्लास, सामने टीवी स्क्रीन और एयर होस्टेस जैसी बस होस्टेस होंगी। इस बस की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा होगी और यह अपनी यात्रा को दोबारा शुरू करने से पहले पूरी तरह चार्ज होने के लिए हर 40 किमी पर सिर्फ 30 सेकंड के लिए रुकेगी।

ऐसा काम केवल दफ्तर में बैठकर डीपीआर तैयार करने से नहीं हो सकता - इसके लिए जी-जान से प्रयास करने की जरूरत होती है!

सड़क निर्माण पर आईआईएम-बैंगलोर द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येपक1 रुपये से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 3.21 रुपये की वृद्धि हुई है, जो 3.2 गुना का गुणक प्रभाव है। नतीजतन, घरेलू उत्पादन में 9 प्रतिशत और कार की बिक्री में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा किए गए काम ने न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, बल्कि रोजगार के कई अवसरों का भी सृजन किया है ।

कुछ ध्यान देने योग्य आँकड़ेः 2014 में, भारत में केवल 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे। 2024 तक, यह नेटवर्क लगभग 60 प्रतिशत बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गया है। सड़क निर्माण की दैनिक गति 12 किलोमीटर/दिन से बढ़कर 28-30 किलोमीटर/दिन हो गई है। 5.35 लाख करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत, आर्थिक गलियारों, अंतर्राष्ट्रीय सीमा सड़कों और सीमा क्षेत्र कनेक्टिविटी सहित 65,000 किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य है। यह योजना भारत की लॉजिस्टिक्से की लागत में और कमी लाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

'गति शक्तिइ और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी पहल सड़क, रेलवे, वायु, जलमार्ग और बंदरगाहों को एकल डिजिटल प्लेटफॉर्म में एकीकृत करती है, जिससे समय पर परियोजना पूर्ण होना सुनिश्चित होने में मदद मिली है। हमारे मंत्रालय ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से भी सड़क विकास परियोजनाओं को लागू करना शुरू कर दिया है, जिसने महत्वपूर्ण निजी निवेश आकर्षित किया है। इस मॉडल के तहत, 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाएँ शुरू की गई हैं।

2014 में शुरू हुआ ये सफर केवल सड़कों का नहीं है; बल्कि एक तरह से ये भारत की प्रगति की जीवन रेखा बन गया है। राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार ने न केवल यात्रा को आसान बनाया है, बल्कि घरेलू व्यापार, उद्योग, पर्यटन और सुरक्षा को भी बढ़ावा दिया है।

पहले दिन से ही हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने का अथक प्रयास कर रही है कि समावेशी विकास समाज की अंतिम कतार में खड़े हर व्यक्ति तक पहुंचे। हम इस लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने के लिए आने वाले वर्षों में इस काम को और भी तेज गति से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अब हमारे पास विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और 2047 तक अपने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से भी बेहतर बनाने का एक स्पष्ट विजन मौजूद है, ताकि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन सके। अमेरिका के पास अच्छी सड़कें इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह अमीर है; अमेरिका अमीर इसलिए है, क्योंकि उसके पास अच्छी सड़कें हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी का यह कथन, जो दिल्ली में परिवहन भवन में मेरे कार्यालय में और इससे पहले महाराष्ट्र में जब मैं मंत्री था, तो वहां लगा हुआ था, यह संयोगवश नहीं है। मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से यह हमारा मार्गदर्शक मंत्र रहा है।

हम भविष्य में इस काम को और भी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले वर्षों में, भारत का सड़क से संबंधित बुनियादी ढांचा अमेरिका से भी बेहतर होगा - यह कोई सपना नहीं, बल्कि हकीकत है, जो आकार ले रही है। गुणवत्ता, गति, पारदर्शिता और पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का संतुलन बनाए रखते हुए भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिलेगी।

(लेखक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री हैं)

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराना, क्रिकेट के लिए शुभ संकेत

अजय दीक्षित

*शनिवार को टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच में लॉर्ड के ऐतिहासिक मैदान पर चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर खिताब जीता है और यह 27 वर्ष के इंतजार के बाद साउथ अफ्रीका जीता है।एक तरह से देखा जाय तो यह क्रिकेट खेल की जीत है। साउथ अफ्रीका टीम कई बार एक दिवसीय विश्व कप में कभी फाइनल में तो कभी सेमीफाइनल में हार कर बाहर हो गई।*

ऐसा 1999,2003,2007, में हुआ।उस टीम में एलन डॉनल्ड, हडसन,गिब्स, जोंटी रोड्स, शॉन पोलॉक, गैरी क्रिस्टन, ग्रीन स्मिथ, और महान ऑलराउंडर जैक कैलिस, ए बी डिविलियर्स थे लेकिन भाग्य साथ नहीं देता था।अबकी बार टेस्ट मैच चैंपियन शिप में डुब्मा की टीम ने प्रतिष्ठित टूनार्मेंट जीता है।

साउथ अफ्रीका की क्रिकेट 19वीं सदी से क्रिकेट खेल रही है और विश्व में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के समकक्ष माना जाता है।

20 वी सदी में साउथ अफ्रीका में जोहानिसबर्ग, डरबन,

न्यूलैंड, सरीखे मैदान बने ।ये क्रिकेट ग्राउंड, लॉर्ड, लीड्स, बर्मिंघम, जॉर्जटाउन, पोर्ट ऑफ स्पेन, मेलबर्न,सिडनी, ऑकलैंड, वेलिंगटन, ब्रिस्बेन, पर्थ, कोलकाता,मुंबई का बनखेड़े, चिन्नास्वामी,आदि जैसे ही है ।जिन देशों में इंग्लैंड ने उपनिवेश बनाया वही वही क्रिकेट खेल का विकाश हुआ ।जैसे भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्ट इंडीज, जिम्बाम्बे,आदि ।भारत में क्रिकेट कुछ इस प्रकार रमा कि पूरी पीढ़ी,युवा, बुजुर्ग क्रिकेट के दीवाने हो गए।भारत में दिल्ली का फिरोजाबाद कोटला मैदान, कानपुर का ग्रीन पार्क, अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम, हैदराबाद का राजीव गांधी, रांची, गोहाटी, धर्मशाला, सूरत, राजकोट, तिरुअनंतपुरम, विशाखापत्तनम,कटक, भुवनेश्वर,में सहित कुल 22 टेस्ट और एकदिवसीय मैचों के मैदान हैं।

साउथ अफ्रीका में रंगभेद नीति के कारण क्रिकेट से 1961 में अलग किया गया था और 1991में जोड़ा गया। साउथ अफ्रीकी टीम में कैपलर वेसल्स,ग्रीम पोलॉक, माइक प्राक्टर

नामक खिलाड़ी इस दौरान टेस्ट ही नहीं खेल पाए क्योंकि टीम प्रतिबंधित थी। टेस्ट चैंपियनशिप का फॉर्मेट ऐसा है कि उसका साइकिल दो साल में पूरा होता है यह तीसरा डब्ल्यूटीसी था।पहला डब्ल्यूटीसी ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर जीता था और दूसरा न्यूजीलैंड ने भी भारत को हराकर जीता था।

भारत का क्रिकेट में उदय 1983 में विश्व कप जीतने के बाद हुआ हालांकि भारत टेस्ट मैच खेल रहा है 1944 से ।

लेकिन अब इंडिया क्रिकेट का सुपर पावर है। ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, आदि भारत के साथ खेलना इस लिए सबसे अच्छा मानते क्योंकि उस देश को टीवी प्रसारण से सबसे अधिक पैसा मिलता है क्योंकि तब टीआरपी बहुत अधिक होती है। आईसीसी को सबसे अधिक धन भारत ही उपलब्ध करता है।

डब्ल्यूटीसी में जीत हासिल करने के बाद साउथ अफ्रीकी टीम का मनोबल ऊंचा होगा और उनसे चोकर्स का टैग कुछ हद तक हट जाएगा। बुमा की टीम की जीत में मकरान और कासिगो रवांडा ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। मार्करन को मन ऑफ द मैच घोषित किया गया। ऑस्ट्रेलिया इस जीत प्रबल दावेदार था लेकिन दूसरी पारी में अधिक स्कोर नहीं बना सका ।इस जीत से वेस्ट इंडीज, जिम्बाम्बे, श्रीलंका, पाकिस्तान क्रिकेट को भी बल मिलेगा क्योंकि इन देशों क्रिकेट मरी हुई है।

## नई चोट, नए जख्म

इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। इससे भारत का आर्थिक दुश्चक्र और संगीन हो रहा है।

अमेरिका के टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है।

रुबिक्स डेटा एजेंसी के आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी।

इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉर्मूलेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड ? की आशंका है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल-पुथल बढ़ी है। वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है। सितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया। दस करोड़ से अधिक नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया। अपनी बचत- और कुछ लोगों ने तो कर्ज तक लेकर इस कारोबार में पैसा लगाया। शेयरों की बढ़ती कीमत ने उनमें समृद्धि की नई आस जगाई थी। लेकिन अब अचानक इस पर तुषारापात हुआ है। लोगों की बनी रकम हवा में गायब हो रही है। अब तक बाजार से लगभग एक लाख करोड़ रुपये हवा हो गए हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विशेषज्ञ ने आगाह किया है कि इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। तो कुल मिला कर भारत का आर्थिक दुश्चक्र संगीन हो रहा है। वित्तीय संपत्तियों में उछाल जमीनी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब तो नहीं थी, मगर उसमें गिरावट से वास्तविक अर्थव्यवस्था पर भी ग्रहण अधिक अंधकारमय होता दिख रहा है

## अम्किावाणी-वर्गपहेली 1356

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | | |
| | ■ | 10 | 11 | | ■ | ■ | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | | ■ |
| 19 | | | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1923 को जन्में बॉलीवुड के एक महान पार्श्व गायक (3)
4. महात्मा गांधी ने केवल एक बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की 1924 में यहां अध्यक्षता की (4)
8. अफसोस, रंग, पश्यताप (3)
9. अटकल, आंकलन (4)
10. गेरूआ, केसरिया (3)
12. फतह, विजय (2)
14. अमानत में खयानत (3)
16. पास, निकट, नजदीक (3)
18. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
19. बांस की चटाई (3)
20. वेश, परिधान, नाट्य वेश, प्रोत (2)
22. भाग्यशाली को अंग्रेजी में यह कहते हे (2)
23. अनलंकृत, फैशनहीन, सामान्य (2)
24. धब्बा (2)
25. लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जो मध्यप्रदेश के राज्यपाल भी रह चुके है (5)

**ऊपर से नीचे**

1. सन 1960 से 1980 तक की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक (4)
2. कदरी, भगवान के भोग के निमित्त लगने वाले फलों में से एक (2)
3. कीटों का प्रकार, परवाना, पतंगा (3)
4. यह मध्यप्रदेश में बहने वाली एक नदी है (3)
5. सौ हजार की संख्या (2)
6. गमनशील, प्रस्थानशील, सृत्वर (2)
7. मनुहार, मन्नत, मनौति, खुशामद (4)
11. निर्धन, कंगाल, जिसके पास धन न हो (3)
13. ईश्वर या खुदा को यह भी कहते है (5)
14. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
15. एक प्रकार विस्फोटक पदार्थ का बना गोला (2)
17. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (2)
19. समूह, गुट, फूल की पंखुडी (2)
20. एक प्रकार की शुष्क मेवा (3)
21. घर्षण, घिसघिसाहट (3)
23. अभाजित, कुल, तमाम, अविभक्त (2)
24. अंगून, किशमिश, द्राक्षा (2)

**वर्ग पहेली 1355 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | ■ | ब | हु | त |
| ति | ल | क | मो | द | द | ■ | मी |
| थि | ■ | मं | ■ | ती | रं | दा | ज |
| ■ | सं | डे | ■ | ला | ग | त | ■ |
| क | ■ | श | की | ल | ■ | व्य | स्त |
| म | हा | न | ■ | ने | क | ■ | न |
| ब | ल | ■ | राह | ह | ■ | म | हा |
| ख्त | ■ | आ | ब | रू | ■ | स्त | र |

## एकदा


### एक और जज्बाती मुद्दा



स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल की टीएमसी भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। भाषा, परिसीमन, और नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत राज्यों की स्वायत्तता के कथित हनन की शिकायत को जोड़ कर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केंद्र के खिलाफ विपक्षी लामबंदी करने में सफल होते दिख रहे हैं। मकसद बेशक अगले चुनावों के मद्देनजर सियासी गोलबंदी है, फिर भी भाषा जैसे जज्बाती प्रश्नों में छिपी शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। धर्म और जाति केंद्रित गोलबंदी की राजनीति ने देश को पहले ही भटका रखा है। अब भाषा और प्रादेशिक पहचान के मुद्दों पर बढ़ रहे तनाव से एक और गंभीर चुनौती खड़ी होती दिख रही है। स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। 22 मार्च को चेन्नई में आयोजित विपक्षी बैठक में इस लामबंदी का अगला एजेंडा जाहिर होगा। बहरहाल, यह साफ है कि केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता के केंद्रीकरण एवं अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने का जो उत्साह दिखाया है

उस पर कई सियासी हलकों में विपरीत प्रतिक्रिया उभर रही है। इसलिए यह सही वक्त है,

## राशिफल



**ग्रह स्थिति-** सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन

**चौघड़िया**

09 :03 से 10 :43 तक-चंचल
10 :43 से 12 :23 तक- लाभ
12 :23 से 14 .04 तक- अमृत
20 :24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। आज आपकी रुचि अध्यात्म में रहेगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई सलाह मिलेगी। आज किसी पुराने मित्र से- मुलाकात, आपको खुशी देगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नजर आएंगी। आपका मिलनसार व्यवहार आपको लोगों का प्रिय बना देगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किए जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है । आज करीबी दोस्त या रिश्तेदार किसी काम में आपका सहयोग करेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों की भी भावनाओं का ख्याल रखेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक तथा व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना अच्छा रहेगा। प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। मेडिकल स्टोर वालों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। लोगों के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा,

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में ही व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना ले। आज किसी भी प्रकार का अनुचित कार्य आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

मकर राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। सही रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कंफ्यूजन की स्थिति खत्म होगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

## पत्रकारिता पर अंकुश लगाने वाला आदेश लोकतंत्र के लिए खतरा: अस्पतालों की रिपोर्टिंग पर राज्य सरकार का प्रतिबंध निंदनीय

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश की सरकार द्वारा अस्पतालों में होने वाली गतिविधियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश न केवल पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है, बल्कि यह स्वस्थ लोकतंत्र की मूल भावना के भी विपरीत है। राज्य शासन के हालिया आदेश में मीडिया प्रतिनिधियों को अस्पताल परिसर में रिपोर्टिंग करने से रोका गया है, जिससे यह स्पष्ट संदेश जा रहा है कि सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था की सच्चाई जनता तक पहुंचने नहीं देना चाहती। स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। पत्रकार लंबे समय से अस्पतालों की दुर्दशा, चिकित्सकों की कमी, दवाइयों के अभाव और मरीजों को होने वाली परेशानियों को उजागर करते आ रहे हैं। मीडिया के माध्यम से ही आम जनता को पता चलता है कि सरकारी योजनाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी हैं। ऐसे में इस प्रकार का प्रतिबंध लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन प्रतीत होता है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का मूल उद्देश्य है योजनाओं का संतृप्तीकरण- कलेक्टर

### विभागों को धरती आबा शिविर पश्चात प्रतिदिन पोर्टल में प्रगति के आंकड़े आनलाइन दर्ज करने के निर्देश
### समय सीमा बैठक मे कलेक्टर ने वृक्षारोपण और जल संरक्षण अभियान की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**कोरिया बैकुंठपुर** - संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने भारत सरकार द्वारा जनजातीय बहुल ग्राम पंचायतों मेंयोजनाओं के संतृप्तीकरण का उद्देश्य लेकर आरंभ किए गए धरती आबा अभियान की विशेष तौर पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। विदित हो कि धरती आबा अभियान के तहत जिले भर में प्रतिदिन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से जनहित में चलाई जा रही २५ योजनाओं के अंतर्गत जिले में हितग्राहियों के संतृप्तीकरण की अवस्था में आने हेतु प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभागीय योजनाओं में हितग्राही के पंजीयन की प्रगति को लेकर बैठक संपन्न हुई।

कलेक्टर ने एक-एक कर सभी विभागीय योजनाओं के तहत हितग्राही पंजीयन की प्रगति पर जानकारी प्राप्त करते हुए आनलाइन पोर्टल पर इंट्री ना किए जाने को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि सभी विभागीय प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि धरती आबा के तहत आयोजित हो रहे शिविरों में उनके विभागीय अधिकारी उपस्थित हों और जिन हितग्राहियों का चिन्हाकन शेष रह गया है उसे उसी ग्राम पंचायत के शिविर में ही पंजीकृत कराएं। श्रम विभाग के पंजीयन कार्य की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि शिविर में उपस्थिति के साथ ही योजनाओं से जुड़ने वाले हितग्राहियों के आंकड़े उसी दिन शाम तक आनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य तौर पर दर्ज करा लें। उन्होने प्रतिदिन इस कार्य में प्रगति की रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। जनसहभागिता को बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने पर बल देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में लगातार मुनादी कराएं। दीवार लेखन और पोस्टर आदि से प्रचार के अलावा जनसहभागिता से होने वाले प्रचार माध्यमों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। उन्होने गावों में रैली आयोजित करने, मुख्य चौराहों पर महिलाओं से रंगोली बनवाने जैसे जनभागीदारी वाले कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने के निर्देश दिए। विभागीय समन्वय पर बल देते हुए उन्होने कहा कि प्रचार के लिए वाहनों का उपयोग करते हुए उस वाहन को बेहतर तरीके से सभी योजनाओं के संयुक्त प्रचार वाहन की तरह सजाकर गांवों में घुमाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा आम जन इस अभियान के प्रति जागरूक हो सकें। कलेक्टर ने हाट बाजारों में व्यापक प्रचार कराने तथा आवश्यकतानुसार गांव गांव में सर्वे कराए जाने के निर्देश भी दिए। जल संरक्षण अभियान के लिए उन्होने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में निरंतर जनभागीदारी से छोटे छोटे कार्य निरंतर कराए जाने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

धरती आबा अभियान में परिणाममूलक कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शिविर को पूरी गंभीरता से लेते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। इसके बाद उन्होने जिले में वृक्षारोपण अभियान की प्रगति पर समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख तीन दिवस में लक्ष्य के अनुसार आनलाइन इंट्री दर्ज कराते हुए पौधे लगाने का कार्य आरंभ कराएं। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने केंपस में पौधों के रोपण के साथ उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों और विभागीय कार्यालयों के परिसर में पौधें लगाए जाने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण की दृष्टि से मुनगा और पपीते के पौधे जरूर लगाए जाएं। विद्यालयों के खुलने के साथ ही बच्चों के जाति प्रमाण पत्र कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि धरती आबा शिविरों के साथ शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग समन्वय स्थापित करें ताकि बच्चों को विद्यालय में ही और छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी में ही प्रमाण पत्र प्रदान किए जा सकें। विभागीय अधिकारियों को अपने भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्रो की जांच अवश्य करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि आपके नियमित भ्रमण से मैदानी अमले की सक्रियता बनी रहती है और लापरवाही पर त्वरित नियंत्रण किया जा सकेगा। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर कोरिया ने जनदर्शन, सीएम पोर्टल सहित अन्य आनलाइन आवेदन पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों में लंबित आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर निराकरण के आवश्यक निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होने राजस्व मामलों के निपटारे, पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति, ग्राम पंचायतों की बकाया राशि वसूली प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, वनभूमि के चिन्हाकन कार्य की प्रगति पर भी समीक्षा कर दिशा निर्देश प्रदान किए।

## न्यूज गैलरी

### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



**कोरिया पांडवपारा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ सम्बद्ध बी एम एस झिलमिली बैकुंठ पुर क्षेत्र के कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारी सूरजन को सम्मानित किया गया पंडोपारा कालरी मे ओवर मैंन के पद में कार्यरत सुदामा जिनका पदोन्नति अधिकारी वर्ग श्व२ में हुया श्रम संगठन की तरफ सुदामा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय जे सी सी बैकुंठपूर क्षेत्र. लक्ष्मी प्रसाद उपस्थित रहे झिलमिली उप क्षेत्र जे सी सी बी एल गुप्ता राजकुमार सिह क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य आर के मंडल अन्य प्रमुख कार्यकर्ता संतोष कुमार सक्सेना वीरेंद्र सिंह ललित अघनु केदार नाथ मधु ,महेश, लरंगु राम, रामा पांडे उपस्थित रहे इस अवसर में लक्ष्मी प्रसाद जी ने कहा कि सुदामा एवं सुरजन आप दोनों का स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं द्य सपरिवार कुशल रहे, उत्तरोत्तर विकास करे द्य कार्यक्रम का संचालन गुप्ता जी किया आभार वीरेंद्र सिंह ने व्यक्त किया।

## न्यायाधीश के साथ डिस्ट्रिक्ट विजिटर्स बोर्ड ने किया उप जेल का निरीक्षण




**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट विजिटर्स बोर्ड द्वारा उप जेल मनेंद्रगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जेल में बंद कैदियों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं एवं विधिक सहायता की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ बंदियों को अभी तक विधिक सहायता उपलब्ध नहीं हो सकी है। इस पर न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी जरूरतमंद कैदियों को अविलंब विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें न्याय पाने का अधिकार सुनिश्चित किया जा सके। वहीं निरीक्षण में साफ-सफाई, भोजन, चिकित्सा, शिक्षा एवं मनोरंजन जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी जांच की गई। जिला न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कैदियों को संविधान प्रदत्त सभी मौलिक सुविधाएं सुनिश्चित रूप से दी जाएं। जेल परिसर की व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु भी आवश्यक सुझाव दिए गए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी, महाप्रबंधक डीटीआईसी, जिला रोजगार अधिकारी एवं एसडीओ कृषि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के पश्चात अधिकारियों ने जेल प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सुधारात्मक कार्यो को जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया।

## सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

**कोरिया पांडवपारा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ सम्बद्ध बी एम एस झिलमिली बैकुंठ पुर क्षेत्र के कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारी सूरजन को सम्मानित किया गया पंडोपारा कालरी मे ओवर मैंन के पद में कार्यरत सुदामा जिनका पदोन्नति अधिकारी वर्ग श्व२ में हुया श्रम संगठन की तरफ सुदामा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय जे सी सी बैकुंठपूर क्षेत्र. लक्ष्मी प्रसाद उपस्थित रहे झिलमिली उप क्षेत्र जे सी सी बी एल गुप्ता राजकुमार सिह क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य आर के मंडल अन्य प्रमुख कार्यकर्ता संतोष कुमार सक्सेना वीरेंद्र सिंह ललित अघनु केदार नाथ मधु, महेश, लरंगु राम, रामा पांडे उपस्थित रहे इस अवसर में लक्ष्मी प्रसाद जी ने कहा कि सुदामा एवं सुरजन आप दोनों का स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं.

**न्यायालय तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, जिला - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.//अ-6/2024-25

ग्राम/नगर बौरीडांड़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विरेन्द्र श्रीवास्तव आ. स्व. शिवशंकर लाल श्रीवास्तव, निवासी ग्राम सब्जी मण्डी रोड मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़ एवं निशान्त श्रीवास्तव आ. विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम बौरीडांड़ स्थित भूमि ख.नं. 252/2 एवं 254 रकबा क्रमशः 0.162 एवं 1.4370 हे. कुल 1.5990 हे. का आवेदक एक मात्र भू-स्वामी एवं कब्जेदार है। उपरोक्त भूमि आवेदक की स्व अर्जित संपत्ती है जिसकी उपयोग, उपभोग एवं प्रबंधन का आवेदक एकमात्र अधिकारी है। आवेदक की पत्नी का देहान्त हो गया है एवं आवेदक की पुत्री का विवाह हो गया है वह अपने ससुराल में सुखपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही है। आवेदक का पुत्र निशांत श्रीवास्तव है जो वर्तमान में आवेदक के साथ निवास कर रहा है एवं आवेदक की सेवा सुश्रुशा करता है। आवेदक अपनी उपरोक्त वर्णित भूमि ख.नं. 252/2 एवं 254 रकबा क्रमशः 0.162 एवं 1.4370 हे. कुल रकबा 1.5990 हे. को अपने जीवन काल में अपने पुत्र अनावेदक क्रमांक 01 निशांत श्रीवास्तव आ. वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव उम्र 44 वर्ष को प्रदान कर शासकीय अभिलेखों में उसका नाम भू-स्वामी के नाम दर्ज कराना चाहता है। उपरोक्त वर्णित संपत्ती आवेदक की स्व अर्जित संपत्ती है जिसे अपने पुत्र को प्रदान किये जाने पर किसी भी अन्य व्यक्ति का हक प्रभावित नहीं हो रहा है और न ही किसी को आपत्ती करने का अधिकार है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम बौरीडांड़ स्थित भूमि ख.नं. 252/2 एवं 254 रकबा क्रमशः 0.162 एवं 1.4370 हे. कुल रकबा 1.5990 हे. आवेदक के पुत्र निशांत श्रीवास्तव के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है, तो दिनांक 30/06/2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
मनेन्द्रगढ़
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी मनेन्द्रगढ़, जिला - एम.सी.बी. (छ.ग.)**

न.प्र.क्र. - /अ-6/2024-25

**//ईश्तहार//**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक आकाश गुप्ता आ. रमाशंकर गुप्ता, जाति गुप्ता, निवासी अभिलाषा, पुराना नगरपालिका के पास, मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला - एम.सी.बी. द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नगर मनेन्द्रगढ़ स्थित नजूल प्लाट नंबर 418/2 रकबा 34X20=680 वर्गफुट, प्लाट नंबर 418/3 रकबा 37X20=740 वर्गफुट तथा प्लाट नंबर 419 रकबा 21X28=588 वर्गफुट कुल प्लाट 03 रकबा कुल 2008 वर्गफुट भूमि को आवेदक के नाम से नामान्तरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण सुनवाई हेतु इस न्यायालय में संस्थित किया गया है।

उक्तानुसार आवेदित भूमि को आवेदक के नाम से नामान्तरण दर्ज किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो, वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 07/07/2025 को प्रातः 11.00 बजे तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

जारी दिनांकः- 17/06/2025
स्थानः- मनेन्द्रगढ़

नजूल अधिकारी
मनेन्द्रगढ़, जिला - एम.सी.बी. (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202506330400006**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

विषयः- अ-6, सनः- 2024-2025
मनेन्द्रगढ़ प.ह.नं. 00014 (हे.)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्री जीतू सिंह
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन
जा.क्र./1935/वाचक-4/24-25, दिनांक 16/06/2025

**//ईश्तहार//**

नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जीतू सिंह आ. जवाहर लाल सिंह, निवासी वार्ड नं. 16 मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि आवेदक के पंजीकृत बिक्रीनामा के जरिए क्रय की गई भूमि ग्राम वार्ड नं. 07 मनेन्द्रगढ़, तहसील मनेन्द्रगढ़ में स्थित है। जिसका प्लाट नं. 280/1 रकबा 1137.5 वर्गफुट भूमि है। आवेदक उक्त भूमि का नामांतरण अपने हक में करा नजूल अभिलेख दुरूस्त कराना चाहता है। ऐसा आवेदन प्रस्तुत कर वर्णित भूमि का बिक्रीनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त नामांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना है तो दिनांक 20/06/2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से आज दिनांक 06/06/2025 को जारी किया गया।

लिंगराज सिदार
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मनेन्द्रगढ़, जिला - एम.सी.बी. (छ.ग.)

**विज्ञापन**

बैकुंठपुर स्थित फर्म "श्री नरेंद्र कमर्शियल"
डिस्ट्रीब्यूटर - M.D.H. मसाले को सेल्स Representative (S.R.) की अतिशीघ्र आवश्यकता है,
* S.R. की नियुक्ति M.D.H. मसाले के कंपनी पे-रोल पर रहेगी।
* सैलरी - योग्यतानुसार
* बायो डाटा के साथ अतिशीघ्र सम्पर्क करें,
* स्थानीय युवकों को वरीयता

**पता -“श्री नरेंद्र कमर्शियल” मिश्रा काम्प्लेक्स, भांड़ी, मेन रोड, बैकुंठपुर जिला कोरिया (छत्तीसगढ़)**
**संपर्क नंबर - 9340945160, 8889909241**

# मिनी बस बेकाबू होकर पलटी, 1 महिला की मौत, आधा दर्जन मुसाफिर घायल






**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** मनेंद्रगढ़ से केल्हारी जा रही मिनी यात्री बस के रास्ते में बेकाबू होकर पलट जाने से जहां 1 महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं बस में सवार 5 महिलाएं सहित 6 यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेंद्रगढ़ में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मनेंद्रगढ़ से केल्हारी चलने वाली मंसूर ट्रेव्हल्स की मिनी यात्री बस क्रमांक सीजी15एबी0284 रोजाना की भांति बुधवार की दोपहर 2 बजे यात्रियों को लेकर केल्हारी के लिए रवाना हुई थी। बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। बस को चालक संतोष शर्मा चला रहा था। बस अपरान्ह 3 बजे रास्ते में मुसरा रोड स्थित चकदेही नाला के समीप पहुंची थी, तभी चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और वह बेकाबू होकर पलट गई। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे में ग्राम मुसरा निवासी 47 वर्षीया बूटल बाई पति प्रबोधन सिंह की बस के नीचे दबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ग्राम बरकेला निवासी 55 वर्षीया रामबाई पति कृपाल, बहेरा टोला निवासी 45 वर्षीया सुंती बाई पति राम प्रसाद, ग्राम डोड़की निवासी 48 वर्षीया निर्जला सिंह पति नंदराम, ग्राम कछौड़ निवासी 60 वर्षीया रामकुमारी पति अजमेर सिंह, ग्राम रांपाखेड़ा मनेंद्रगढ़ निवासी 50 वर्षीय दीनदयाल पिता स्व. भोंदल सहित एक अन्य महिला घायल हो गए। घायलों में महिला निर्जला सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी मनेंद्रगढ़ लाकर भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## मासूम के गले में फंसे सिक्के को डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक निकाला, समय पर उपचार से बची जान



**कोरिया बैकुंठपुर** - नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक १३ में एक मासूम बच्चे की जान पर उस समय बन आई, जब खेल-खेल में उसके गले में एक सिक्का फंस गया। गला अवरुद्ध होने के कारण बच्चा गंभीर अवस्था में पहुंच गया। लेकिन समय पर की गई चिकित्सकीय कार्रवाई से उसकी जान बच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक १३ निवासी राजेश विश्वकर्मा के ७ वर्षीय पुत्र सार्थक ने अनजाने में खेलते समय एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले में जाकर फंस गया। बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने तत्काल डॉक्टर को फोन कर सूचना दी कि बच्चे की हालत बेहद नाजुक है और उसे तुरंत चिकित्सा की आवश्यकता है।

सूचना मिलते ही सिविल सर्जन व अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल के मार्गदर्शन में डॉ. योगेंद्र चौहान एवं उनकी चिकित्सा टीम जिला अस्पताल, बैकुंठपुर लेकर आए बच्चे की तत्काल जांच कर उपचार शुरू किया। टीम की त्वरित कार्रवाई और दक्षता से गले में फंसे सिक्के को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। बच्चे की हालत अब स्थिर है।

इस घटना के बाद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने अभिभावकों से अपील की है कि वे छोटे बच्चों को सिक्का, पिन, सुई, कांच, छोटी गिट्टी या किसी भी प्रकार की छोटी वस्तुओं से दूर रखें, क्योंकि ये जानलेवा साबित हो सकती हैं। चिकित्सकों ने सलाह देते हुए कहा है कि छोटे बच्चों की निगरानी हमेशा रखें। ऐसी छोटी वस्तुएं बच्चों की पहुंच से दूर रखें। किसी आकस्मिक स्थिति में बिना देरी चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

## संकल्प से सिद्धि अभियान का किया गया आयोजन



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी के संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में युवा भाजपा नेता आनंद ताम्रकार ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का संकल्पपूर्वक पालन करें, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा यादव, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल, पार्षद नीलू जायसवाल, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, शकुंतला जायसवाल, प्रवीन सिंह, सरबजीत यादव, सुधा सोनी, राहुल अग्रवाल, बृजेश जायसवाल, संतोष केशरवानी, झकौडी लाल केशरवानी, मुनिया केंवट, कलावती केंवट सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने संकल्प से सिद्धि विषय पर अपने विचार रखते हुए नागरिकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सभी वक्ताओं ने मिलकर यह संकल्प लिया कि विकसित भारत 2047 का सपना संकल्प से सिद्धि के मार्ग से ही साकार होगा। कार्यक्रम का संचालन रामचरित द्विवेदी ने किया।

## शिक्षण गुणवत्ता को सुधारने संयुक्त संचालक ने दिए टिप्स, कविता के माध्यम से किया प्रेरित



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागपुर में 17 जून को विशेष शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संकुल नागपुर, नागपुर (अ), बरबसपुर एवं बरबसपुर (अ) के समस्त शिक्षक, संस्था प्रमुख, व्याख्याता एवं प्राचार्य शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपस्थित रहे संयुक्त संचालक हेमंत कुमार उपाध्याय ने शाला प्रवेश उत्सव सहित भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से कैसे क्रियान्वित किया जाए, इस पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने शिक्षकों से वन-टू-वन विषय आधारित संवाद स्थापित कर न केवल उन्हें प्रेरित किया, बल्कि शिक्षण गुणवत्ता को बेहतर बनाने के ठोस सुझाव भी दिए। वहीं उपाध्याय ने हिंदी विषय के महत्व को रेखांकित करते हुए काग के भाग्य बड़े सजनी, हरि हाथ से ले गयो माखन रोटी जैसी कविता को लयबद्ध रूप में प्रस्तुत कर शिक्षकों को विषय को रोचक तरीके से पढ़ाने की प्रेरणा दी। साथ ही सुखीराम-दुखीराम शीर्षक कविता के माध्यम से शिक्षकों को प्रोत्साहित किया और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर जिले के शिक्षा अधिकारी सहित कुल 131 शिक्षक उपस्थित रहे।

फिल्म 'कन्नप्पा इस महीने 27 तारीख को रिलीज होने जा रही है और इसका ट्रेलर हाल ही में दर्शकों के सामने आया है. यह फिल्म अभिनेता विष्णु मंचू का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे उनके पिता मोहन बाबू ने प्रोड्यूस किया है. इस ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि वाली फिल्म में प्रभास, मोहनलाल, अक्षय कुमार, काजल अग्रवाल और शरत कुमार जैसे बड़े कलाकार भी नजर आने वाले हैं. फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है. फिल्म के ट्रेलर को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं और इस पर तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं.

ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक कुंए में एक शिवलिंग (वायु लिंग) है, जिसे कई लोग चुराने की कोशिश करते हैं. लेकिन 'तिन्नाडु यानी विष्णु मंचू, इस वायु लिंग की रक्षा करता है. वह एक खास कड़ा पहनता है,

जिससे लिंग को उसके पास से कोई नहीं ले जा सकता. तिन्नाडु उन लोगों को मार देता है जो लिंग चुराने आते हैं और वह वहां के

Sport
अम्बिकावाणी 07
रायपुर, गुरूवार 19 जून, 2025

# टी-20 क्रिकेट: ग्लेन मैक्सवेल ने जड़ा शतक, रोहित शर्मा के बड़े रिकॉर्ड की कर ली बराबरी



**नईदिल्ली,18 जून।** मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 के 8वें मुकाबले में वाशिंगटन फ्रीडम के कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार शतकीय पारी (106) खेली।

उन्होंने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने टी-20 करियर का 8वां शतक जड़ा। रोहित शर्मा के भी टी-20 क्रिकेट में 8 शतक हैं।

मैक्सवेल अब टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले संयुक्त रूप से 5वें खिलाड़ी बन गए हैं। वाशिंगटन फ्रीडम के 5 बल्लेबाज सिर्फ 92 रन पर पवेलियन लौट गए थे। यहां से मैक्सवेल ने पारी को संभाला और सिर्फ 49 गेंदों का सामना करते हुए 106 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 चौके और 13 गगनचुंबी छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 216.33 की रही। उनकी इस धमाकेदार पारी के ही कारण उनकी टीम 20 ओवर में 208/5 का स्कोर बनाने में सफल रही। जवाब में नाइट राइडर्स की टीम सिर्फ 95 रन पर ही ऑलरआउट हो गई।

मैक्सवेल टी-20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से 5वें सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा, माइकल क्लिंगर, आरोन फिंच, डेविड वार्नर और जोस बटलर की बराबरी कर ली है। इन सभी खिलाड़ियों ने भी टी-20 क्रिकेट में 8-8 शतक लगाए हैं।

इस सूची में पहले स्थान पर क्रिस गेल हैं। उन्होंने अपने टी-20 करियर में 22 शतक लगाए हैं।

दूसरे स्थान पर बाबर आजम हैं। उनके बल्ले से 11 शतक निकले हैं।

मैक्सवेल ने पहला टी-20 मुकाबला 2010 में खेला था। उन्होंने अब तक 469 मैच खेले हैं और इसकी 440 पारियों में 28.12 की औसत और 154.70 की स्ट्राइक रेट से 10,574 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 8 शतक के अलावा 57 अर्धशतक भी निकले हैं। मैक्सवेल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 154* रन रहा है।

यह खिलाड़ी हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान चोटिल हो गया था। अब इस खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की है।

मैक्सवेल ने हाल ही में वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब वह सिर्फ टी-20 क्रिकेट पर अपना ध्यान देना चाहते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने पहला मुकाबला साल 2012 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।

अब तक उन्होंने 116 मुकाबले खेले हैं और इसकी 106 पारियों में 29.93 की औसत से 2,664 रन बनाने में सफल रहे हैं।

उनके बल्ले से 5 शतक और 11 अर्धशतक

## छोटी खबरें

### इंग्लैंड बनाम भारत: विराट कोहली को लेकर बेन स्टोक्स ने दिया बड़ा बयान



**नईदिल्ली,18 जून।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने विराट कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि इस सीरीज में भारतीय टीम को कोहली की लड? वाली भावना की कमी जरूर खलेगी।

कोहली ने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

इंग्लैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक वीडियो में स्टोक्स ने कहा, "मुझे लगता है भारत को कोहली की लड? की भावना की कमी जरूर खलेगी। मैदान पर उनके द्वारा टक्कर देने की ताकत और जीत की ललक यही उनकी सबसे बड़ी पहचान रही है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर 18 ऐसा बना लिया था कि अब किसी और की पीठ पर वो नंबर देखना थोड़ा अजीब लगेगा। वह भारत के लिए लंबे समय तक शानदार खिलाड़ी रहे हैं।" टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने बताया कि जब कोहली ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कहा तो उन्होंने उन्हें मैसेज भेजा था। स्टोक्स ने आगे कहा, "मैंने उन्हें लिखा था कि अब उनके खिलाफ नहीं खेल पाऊंगा, इसका अफसोस रहेगा। मुझे कोहली के खिलाफ खेलना हमेशा अच्छा लगता था। हम दोनों के बीच मैदान पर वही जुनून, वही टक्कर होती थी जैसे किसी जंग में उतर रहे हों।" स्टोक्स ने कोहली की तारीफ करते हुए कहा, "वह हमेशा शानदार खिलाड़ी रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि भारत में उन्हें जमकर सराहना मिली होगी। यहां इंग्लैंड में भी खिलाड़ी उनकी तारीफ करते हैं। उन्होंने हमारे खिलाफ काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उनकी निरंतरता, जुनून और खेल के प्रति उनका समर्पण देखने लायक रहा है। कोहली जैसे खिलाड़ी बहुत कम होते हैं। वह सच में एक शानदार खिलाड़ी रहे हैं और अपने करियर से यह साबित भी किया है।"

कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैचों की 210 पारियों में 46.85 की उम्दा औसत के साथ 9,230 रन बनाने में सफल रहे थे।

इस बीच नाबाद 254 रन उनका सर्वोच्च स्कोर स्कोर रहा है। कोहली के बल्ले से 30 शतक और 31 अर्धशतक निकले थे।

उन्होंने अपना पहला टेस्ट वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।

# इंग्लैंड बनाम भारत, पहला टेस्ट: इन खिलाड़ियों के बीच देखने को मिल सकती है जोरदार टक्कर




**नईदिल्ली,18 जून।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से हेडिंग्ले, लीड्स में सीरीज का पहला टेस्ट खेला जाएगा। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड टीम बेहद मजबूत नजर आ रही है। दूसरी तरफ पहली बार शुभमन गिल भारत का नेतृत्व करते दिखेंगे।

इस पहले टेस्ट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों बीच आपस में रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

ऐसे में आइए संभावित भिड़ंत के बारे में जानते हैं।

इंग्लैंड में सभी की निगाहें जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन पर होगी। वह इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।

दोनों के बीच अब तक 32 पारियों में आमना-सामना हुआ है। इस दौरान बुमराह ने रूट को 13 बार आउट किया है।

रूट 25.61 की औसत से 333 रन ही बना पाए हैं।

रूट ने बुमराह के खिलाफ 42 चौके लगाए हैं। हालांकि, वह छक्का लगाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं।

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ खूब रन बनाते हैं।

ऐसे में इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज शोएब बशीर और उनके बीच एक जोरदार भिड़ंत देखने को मिल सकती है। दोनों पहली बार टेस्ट क्रिकेट में आमने-सामने होंगे।

पंत स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ 51.25 की औसत से 54 पारियों में कुल 1,435 रन बना चुके हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 88.25 की रही है।

वह 28 बार स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ पवेलियन भी लौटे हैं।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और भारत के अनुभवी ऑलराउंडर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा के बीच हर बार कांटे की टक्कर देखने को मिलती है।

दोनों के बीच अब तक 19 पारियों में आमना सामना हुआ है। इस दौरान स्टोक्स सिर्फ 20.83 की औसत से 125 रन ही बना पाए हैं।

जडेजा ने उन्हें 19 पारियों में 6 बार पवेलियन की राह दिखाई है। जडेजा के खिलाफ स्टोक्स की स्ट्राइक रेट सिर्फ 53.19 की रही है।

भारत के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल से इस सीरीज में भारतीय टीम को बहुत उम्मीदें होंगी। वहीं, इंग्लैंड की गेंदबाजी कहीं ना कहीं क्रिस वोक्स के इर्द-गिर्द घूमेगी।

ऐसे में वोक्स की स्विंग होती गेंद राहुल को परेशान कर सकती है।

दोनों के बीच अब तक 4 पारियों में आमना सामना हुआ है। इस दौरान राहुल 34 की औसत से सिर्फ 34 रन बना पाए हैं।

वोक्स ने उन्हें 1 बार पवेलियन की राह भी दिखाई है।

## विराट कोहली के लंदन वाले घर में टीम इंडिया ने की पार्टी, जानें कौन-कौन पहुंचा?



शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया इस समय इंग्लैंड दौरे पर है, जहां टीम को इंग्लिश टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह सीरीज २० जून से शुरू होने जा रही है। इस सीरीज के शुरू होने से पहले कप्तान गिल, उप-कप्तान ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज समेत कई खिलाड़ी दिग्गज भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के लंदन वाले घर पहुंचे, जहां सभी ने जमकर पार्टी की।

'रेवस्पोर्ट्स' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विराट ने यहां पूरी टीम को डिनर के लिए बुलाया था। बता दें कि विराट ने कुछ समय पहले ही लंदन में यह घर खरीदा है। इस दिग्गज बल्लेबाज को जब भी समय मिलता है, वह अपने लंदन वाले घर पहुंच जाते हैं। उनके बेटे अकाय का भी जन्म लंदन में ही हुआ है।

**गिल की सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज बतौर कप्तान गिल की सबसे बड़ी परीक्षा होगी। उन्हें दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा की जगह टीम इंडिया का टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। रोहित और विराट दोनों ने ही आईपीएल २०२५ के दौरान क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।

**भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का फुल शेड्यूल**

पहला टेस्ट, २० जून लीड्स।
दूसरा टेस्ट, २ जुलाई बर्मिंघम।
तीसरा टेस्ट, १० जुलाई लंदन।
चौथा टेस्ट, २३ जुलाई मैनचेस्टर।
पांचवां टेस्ट, ३१ जुलाई लंदन।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन, यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, नितीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### मेटा कर रही ओपनएआई के इंजीनियरों को लुभाने की कोशिश, 800 करोड़ तक का बोनस ऑफर

**नईदिल्ली,18 जून।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गई है, जिसमें आगे निकलने के लिए कंपनियां अलग-अलग तरीके अपना रही हैं।

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने खुलासा किया है कि मेटा ने उनकी टीम के कई इंजीनियरों को लगभग 860 करोड़ रुपये तक के बोनस ऑफर किए हैं।

उनका कहना है कि अब तक उनकी टीम के किसी भी प्रमुख इंजीनियर ने यह प्रस्ताव नहीं स्वीकारा है, लेकिन टैलेंट को लेकर होड़ साफ दिखाई दे रही है।

मेटा अपनी सुपरइंटेलिजेंस टीम को खड़ा करने के लिए काफी प्रयास कर रही है। हाल ही में उसने डाटा-लेबलिंग स्टार्टअप स्केल एआई में लगभग 1,230 अरब रुपये का निवेश किया और उसके सीईओ एलेक्जेंडर वांग को अपनी एआई टीम का प्रमुख बनाया।

मेटा का मानना है कि ओपनएआई उसका सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी है और उसे पीछे छोड? के लिए कंपनी सभी जरूरी कदम उठा रही है। टॉप इंजीनियरों को लुभाने के लिए वह बड़े ऑफर पेश कर रही है।

## --------------------------- व्यापार ---------------------------

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपनाएं कैलिफोर्निया बादाम प्रोटीन का प्राकृतिक स्रोत



हर साल २१ जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग अपने आप में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जब इसे संतुलित और पोषक आहार के साथ जोड़ा जाए, तो इसका असर और भी बेहतर होता है। ऐसे आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल जैसे जरूरी पोषक तत्व होने चाहिए। इनमें से प्रोटीन शरीर की मजबूती और मांसपेशियों की देखभाल के लिए सबसे अहम है। प्रोटीन के प्राकृतिक स्रोतों में बादाम एक आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो योग अभ्यास के दौरान शरीर की ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है। रोजाना बादाम खाने से आपका योग अभ्यास और भी सशक्त बन सकता है। न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा, च्च्योग या कोई भी शारीरिक गतिविधि तब सबसे ज्यादा असर दिखाती है, जब उसके साथ सही खानपान जोड़ा जाए। मैं हमेशा यही सलाह देती हूं कि योग के साथ प्रोटीन से भरपूर आहार लेना चाहिए झ्र और बादाम इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। बादाम में प्रोटीन, डाइटरी फाइबर और दिल के लिए अच्छे फैट्स होते हैं, जो वजन नियंत्रित रखने और पोषण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। इनका फायदा न सिर्फ हमारी दादी-नानी की बातों से, बल्कि २०० से ज्यादा वैज्ञानिक रिसर्च से भी साबित हो चुका है। यही कारण है कि बादाम हर रोज के भोजन में शामिल किए जाने योग्य एक बेहतरीन चीज हैं।ज्ज

मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की रीजनल हेड ऑफ डायटेटिक्स, रितिका समद्दार ने कहा, च्च्योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है, जो शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्तरों पर संतुलन और ऊर्जा प्रदान करती है। योग शरीर और मन दोनों को बेहतर बनाने वाला प्रभावशाली अभ्यास है। इसका पूरा लाभ तभी मिलता है जब इसे संतुलित और पौष्टिक आहार के साथ जोड़ा जाए। मैं नियमित रूप से योग करने वालों को बादाम जैसे प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों को रोजाना के भोजन में शामिल करने की सलाह देती हूं। बादाम न सिर्फ मांसपेशियों की रिकवरी में मदद करते हैं, बल्कि यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड शुगर को स्थिर रखने में भी कारगर हैं।

फिटनेस और सेलिब्रिटी इंस्ट्रक्टर यास्मीन कराचीवाला ने कहा, च्च्सेहतमंद रहने के लिए मैं नियमित एक्सरसाइज और साफ-सुथरे खानपान के संयोजन पर भरोसा करती हूं। जहां वर्कआउट मुझे शारीरिक रूप से फिट रखता है, वहीं योग मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। मैं योग को अपने साप्ताहिक रूटीन का हिस्सा जरूर बनाती हूं ताकि शरीर और मन के बीच संतुलन बना रहे। सक्रिय रहने के साथ-साथ मैं ऐसे भोजन को प्राथमिकता देती हूं जो प्राकृतिक और संपूर्ण हो—जिसमें बादाम एक जरूरी हिस्सा हैं।


इनमें प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो रोजाना के पोषण के लिए बेहद लाभकारी हैं। मुझे बादाम की सबसे बड़ी खासियत यह लगती है कि इन्हें कई तरह से खाया जा सकता है, और हर रूप में इनमें मौजूद पोषक तत्व अपना असर दिखाते हैं।

### बार-बार फास्टैग कटने का झंझट खत्म, गडकरी ने बताया, 15 अगस्त से शुरू होगा एनुअल पास

**मुंबई,18 जून।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा की कि सरकार राजमार्ग पर परेशानी मुक्त यात्रा के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू करने जा रहा है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इस पास की कीमत एक वर्ष के लिए 3,000 रुपये होगी, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगी.

लेटेस्ट फास्टैग पास गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए सक्रियण की तारीख से एक वर्ष या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, के लिए वैध होगा. इसका उद्देश्य टोल से संबंधित शिकायतों को कम करना है, विशेषकर 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के पास रहने वाले यात्रियों के लिए.वार्षिक पास राजमार्ग यात्रा मोबाइल एप्लिकेशन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध होगा. लॉन्च से पहले एक्टिवेशन और रेनोवेशन के लिए एक समर्पित लिंक जारी किया जाएगा.नितिन गडकरी के अनुसार, इस नई प्रणाली का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को पूरे वर्ष के लिए एक ही, एडवांस लेनदेन करने की अनुमति देकर टोल भुगतान को सरल बनाना है. नीति छोटी दूरी की यात्रा के दौरान बार-बार टोल कटौती पर लंबे समय से चली आ रही सार्वजनिक चिंताओं को भी संबोधित करती है.

# आज फिर शेयर बाजार रेड जोन में, सेंसेक्स 268 अंक टूटा, निफ्टी 24,788 पर



**मुंबई,18 जून।** कारोबोरी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 268 अंकों की गिरावट के साथ 81,314.62 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.26 फीसदी की गिरावट के साथ 24,788.35 पर खुला.

आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर ओएनजीसी, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, टीसीएस, बजाज फाइनेंस प्रमुख लाभ वाले शेयरों में शामिल रहे, जबकि एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंज्यूमर के शेयर नुकसान में रहे.

कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 212 अंकों की गिरावट के साथ 81,583.30 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 24,853.40 पर बंद हुआ. विशाल मेगा मार्ट, मझगांव डॉक, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज, कोचीन शिपयार्ड, बीएसई लिमिटेड एनएसई पर सबसे सक्रिय शेयरों में शामिल रहे.

आईटी को छोड़कर, अन्य सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर कारोबार किए, फार्मा और मेटल में 1-2 फीसदी की गिरावट आई. बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में गिरावट देखी गई.

इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को खाली करने के आह्वान के बाद निवेशक सतर्क रहे, जिसके कारण मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई.

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.53 फीसदी बढ़कर 73.62 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. यूरोप में अमेरिकी सेना की संपत्तियों की फिर से तैनाती और राष्ट्रपति ट्रंप के जी7 शिखर सम्मेलन की अपनी यात्रा को बीच में ही समाप्त करने की खबरों के बीच बाजार की धारणा सतर्क रही. कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए नकारात्मक माना जा रहा है.

## तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार व नायब तहसीलदारों का तहसील कार्यालयों में नवीन पदस्थापना

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक तहसील कार्यालयों में नवीन पदस्थापना की है. जारी आदेश के मुताबिक तहसीलदार तहसील कार्यालय घुमका नीलकंठ जनबंधु को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ मुकेश कुमार ठाकुर को तहसील कार्यालय घुमका, तहसीलदार तहसील कार्यालय लाल बहादुर नगर सोनित मेरिया को अतिरिक्त तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, तहसीलदार अतिरिक्त तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ कमल किशोर साहू को तहसील कार्यालय लाल बहादुर नगर, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगांव अब्दुल वसीम सिद्दीकी को तहसील कार्यालय छुरिया में अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है।

### न्यूज गैलरी

## इंडिगो फ्लाइट का गेट हो गया लॉक, रायपुर एयरपोर्ट में यात्री हुए परेशान



**रायपुर।** अहमदाबाद घटना के बाद से हवाई उड़ान को लेकर इन दिनों यात्री कुछ संशय के साथ सफर कर रहे हैं। आज एक घटना से फिर यात्री हड़बड़ा गए,मामला रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट का है,दिल्ली से रायपुर पहुंची इंडिगो फ्लाइट 2.25 पर लैंड तो हो गई,लेकिन फ्लाइट का गेट लॉक हो गया। कुछ देर तक गेट लॉक रहा। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक इस फ्लाइट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक चातुरी नंद और रायपुर महापौर मीनल चौबे समेत 35 से ज्यादा लोग सवार थे। हालांकि इसे तकनीकी कारण बताया गया, कोई घटना या दुर्घटना संभावित नहीं था। लेकिन यात्रियों में दहशत देखी गई। महापौर मीनल चौबे जो कि स्वंय इसमें यात्री थी ने बताया कि फ्लाइट की तो सुरक्षित लैडिंग हो गई लेकिन फ्लाइट के अंदर गेट में जो स्क्रीन रहती है उसमें कुछ नहीं बता रहा था। इसी वजह से गेट नहीं खुल रहा था। इससे बाहर आने में विलंब हुआ है। कोई मेजर प्रॉब्लम नहीं थी।

## महंत आशीष दास की अपील खारिज



**रायपुर।** संभागायुक्त श्री महादेव कावरे द्वारा ग्राम धरमपुरा स्थित मठ/मंदिर की 55 एकड़ भूमि के संबंध में महंत आशीष दास की अपील खारिज कर दिया गया है। जिसमे तहसीलदार रायपुर द्वारा भूमि को सरवराकर महंत आशीष दास को देने का आदेश दिया था। तहसीलदार के आदेश को एसडीएम ने निरस्त कर दिया था और इसकी अपील संभागायुक्त को की गई थी। इसमें तहसीलदार ने मुख्य रूप से वसीयत के आधार पर नामांतरण किया गया था, लेकिन भूमि में प्रबंधक कलेक्टर होने के बावजूद तहसीलदार ने महंत आशीष दास के पक्ष में आदेश पारित किया था जो अब निरस्त रहेगा। संभागायुक्त ने माननीय उच्चतम न्यायालय के न्याय दृष्टांत जितेंद्र सिंह विरुद्ध स्टेट आ$फ एमपी एंड आदर्श 2022 का उल्लेख किया कि वसीयत के विवाद के मामले में माननीय सिविल न्यायालय में जाकर अपना पक्ष सिद्ध करने पर नामांतरण किया जाएगा। इस मामले में महंत आशीष दास द्वारा सिविल में प्रकरण नहीं प्रस्तुत किया गया है। वहीं दूसरी ओर जैतूसाव मठ की ओर से बताया गया है कि जो राम आशीष दास महंत बताता है उसका जैतूसाव मठ से कोई लेना देना नहीं हैं। न तो वह जैतूसाव मठ में रहता है न तो ट्रस्ट कमेटी का सदस्य है और किसी कर्मचारी या सदस्य के रूप में जुड़ा है। मंदिर से संबंधित किसी भी भूमिका में वह कभी नहीं जुड़ा है।

## सुरता कमलनारायण व्याख्यान एवं सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** जिन्दगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री कमलनारायण शर्मा की पुण्यतिथि (19 जून) पर श्रद्धांजलि स्वरूप सुरता कमलनारायण व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। संस्था की ओर से बताया गया है कि गुरुवार 19 जून को शाम 4 से 7 बजे तक वृंदावन हाल सिविल लाइंस में यह कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि,पूर्व महापौर प्रमोद दुबे अध्यक्षता करेंगे,सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात मिश्र विशिष्ट होंगे। श्री रघु ठाकुर (राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी) प्रमुख वक्ता रहेंगे।

## राज्यपाल रमेन डेका ने बीजापुर के सेन्ट्रल लाईब्रेरी का किया अवलोकन

**00 कम्प्यूटर प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों को व्यवसायिक गतिविधियों के लिए किया प्रोत्साहित**



**रायपुर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अपने बीजापुर प्रवास के दौरान वहां के सेन्ट्रल लाईब्रेरी का अवलोकन किया। उन्होंने सुदूर क्षेत्रों के कम्प्यूटर प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। प्रशिक्षार्थियों ने श्री डेका से अपने अनुभव साझा किए। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि आज के युग में कम्प्यूटर सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक है। नौकरी हो या स्वयं का व्यवसाय, कम्प्यूटर ट्रेनिंग के पश्चात छोटे-छोटे व्यवसाय से आय अर्जित करने एवं व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन कर आय अर्जित करने के लिए प्रशिक्षार्थियों को प्रेरित किया। राज्यपाल श्री डेका ने लाइब्रेरी में रखे गए माईड गेम, वीआर सेट का अवलोकन किया और जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल की सराहना की। उन्होंने बच्चों के साथ फोटो सेशन भी कराया। इस दौरान राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव उपस्थित थे।

# भाजपा की बैठक में संगठनात्मक, योजना व उपलब्धियों की समीक्षा व भावी कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

**00 राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने किया मार्गदर्शन, 00 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्रीगण भी बैठकों में हुए शामिल**






**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक गतिविधियों कार्यक्रमों, योजनाओं व उपलब्धियों की समीक्षा की दृष्टि से बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मार्गदर्शन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्रीगण भी बैठकों में शामिल रहे। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सबसे पहले पुण्यश्लोका लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती और संकल्प से सिद्धि 11 साल बेमिसाल अभियान समिति के साथ बैठक हुई और इन अभियानों के क्रियान्वयन और अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि संकल्प से सिद्धि 11 साल बेमिसाल अभियान प्रदेश में विगत 9 जून से चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रदर्शनी, प्रोफेशनल मीट, घर-घर सम्पर्क, गोष्ठियाँ आदि निर्धारित चरणबद्ध कार्यक्रमों के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनके 11 वर्षो के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों और सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के कार्यक्रमों व योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है। आत्मनिर्भर, सशक्त व सुरक्षित भारत की दिशा में मोदी-सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों से भी जन-जन को अवगत कराया जा रहा है।



बैठक में 21 जून को होने वाले योग दिवस, 23 जून को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून को आपातकाल की 50वीं बरसी के निमित्त निर्धारित कार्यक्रमों की रूपरेखा व तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि योग दिवस का बड़े पैमाने पर आयोजन पार्टी स्तर पर किया जाएगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश के सभी तीर्थ, पर्यटन व ऐतिहासिक स्थलों पर योग दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसके लिए दो-तीन दिनों तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार आपातकाल की बरसी पर भी प्रदेशभर में बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों की रचना की गई है। आपातकाल की बरसी पर कांग्रेस सरकार के लोकतंत्र और संविधान विरोधी आचरण के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा, प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएंगीं और आपातकाल के काले अध्याय से अनजान नई पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा कि किस तरह कांग्रेस ने सत्तालोलुपता के चलते देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर दी थी और पूरे देश को जेल बनाकर लाखों निर्दोष लोगों को मीसा के तहत बंदी बनाकर अमानवीय यंत्रणाएँ दी थी।

भाजपा विधायक दल की बैठक

संगठनात्मक बैठक के बाद प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक भी हुई। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव व विजय शर्मा, प्रदेश सरकार के सभी मंत्री व विधायकगण उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश सरकार के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों, कार्यक्रमों व योजनाओं की चर्चा की गई और महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मार्गदर्शन किया गया।

## सुकमा की सीमा से सटे आंध्र प्रदेश के मारेडपल्ली के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के सीमा से सटे आंध्र प्रदेश के मारेडपल्ली के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली मारे गए। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में आंध्र प्रदेश जोनल कमेटी के सदस्य गजराला रवि व गरियाबंद में मारे गए नक्सली चलपती की पत्नी अरुणा के मारे जाने की जानकारी मिली है।

आंध्र प्रदेश जिले के अल्लूरी सीताराम जिले के पुलिस अधीक्षक अमित बरदार ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मारेडपल्ली क्षेत्र में लंबे समय से नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना पर विशेष ऑपरेशन चलाया गया था। मारेदुमिल्ली जंगल में आंध्र प्रदेश सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ में तेलंगाना के विशेष क्षेत्रीय समिति सदस्य गजरला रवि और अरुणा की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने मौके से 2 एके-47 राइफलें और अन्य उपकरण जब्त किए और आंध्रप्रदेश के एएसआर जिले के देविपटनम के कोंडामोडालु गाँव के जंगलों में आज सुबह सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन बड़े माओवादीनेता मारे गए।

मृत माओवादियों में गजारला रवि उर्फ उदय (सीसीएम / सचिव, एओबीएसजेडसी) शामिल हैं. रावी वेंकट चैतन्य उर्फ अरुणा (एसजेडसीएम, एओबीएसजेडसी), जो हाल ही में छत्तीसगढ़ में मारे गए माओवादी नेता चलापति की पत्नी अंजू (एसीएम / एओबीएसजेडसी) थीं, यह मुठभेड़ मारेडुमिल्लि थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं।

## रथयात्रा पर इस बार विशेष आयोजन जोहार जगन्नाथ




**रायपुर।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पावन पर्व पर छत्तीसगढ़ में पहली बार एक अनूठे आध्यात्मिक आयोजन जोहार जगन्नाथ की शुरूआत होने जा रही है। इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन आज कोतवाली चौक स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में किया गया। इस शुभ अवसर पर विधायक एवं जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पोस्टर का अनावरण किया और कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की।

जोहार जगन्नाथ कार्यक्रम 94.3 मॉय एफएम और अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य प्रदेशवासियों को रथ यात्रा के आध्यात्मिक उल्लास से सीधे जोड?ा है। इस अभिनव प्रयास के अंतर्गत शुद्ध स्वर्ण एवं रजत के विशेष सिक्कों पर भगवान जगन्नाथ की पावन छवि उकेरी जाएगी, जिनके माध्यम से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पुरी धाम स्थित भगवान जगन्नाथ को अर्पित की जाएंगी।

## महंगाई भत्ता व महंगाई भत्ता एरियर्स भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सभी जिला मुख्यालय में भोजनावकाश में कर्मचारी पेंशनरों ने महंगाई भत्ता एवं महंगाई भत्ता एरियर्स भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बस्तर बिलासपुर संभाग के जिला मुख्यालय में भारी संख्या में कर्मचारियों ने प्रदर्शन में भाग लिया वहीं रायपुर कलेक्ट्रेट में कर्मचारियों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के अधिकारी को मांग पत्र सौपा।

पेंशनर संघ के संरक्षक विजय कुमार झा, तृतीय वर्ग अध्यक्ष रामचंद्र टांडी एवं महामंत्री उमेश मुदलियार ने बताया है कि मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा गया। इस प्रदर्शन में पीतांबर पटेल, संजय शर्मा, सीएल दुबे, नरेश वाढेर, विमल चंद कुंडू, आलोक जादव, होरी लाल छेदैया, बी आर वर्मा, शेखर ठाकुर, नलिनी चंद्राकर, विजय डागा, विनोद सिंन्हा, पंकज नायक, राजेंद्र उमाठे, बीपी कुरील, खिलोमणी खागा, वंदना फोफसे, बसंती कुजूर से सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

## अपहृित सभी ग्रामीणों को नक्सलियों किया रिहा, 3 ग्रामीणों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा



**बीजापुर।** जिले के पेद्दाकोरमा गांव में मंगलवार को नक्सलियों ने 3 लोगों की हत्या कर दर्जनभर ग्रामीणों का अपहरण कर अपने साथ ले गए थे, बुधवार को उन सभी अपहृित ग्रामिणों को नक्सलियों ने रिहा कर दिया है, सभी ग्रामीण सुरक्षित अपने गांव पहुंच गए हैं। नक्सली नेता वेल्ला और उसके साथ पंहुचे नक्सलियों ने मंगलवार की शाम 4 बजे इस घटना को अंजाम दिया था। मृतकों के परिजन रात 8 बजे तक पुलिस के पास नहीं पहुंचे थे। सुरक्षाबलों की टीम बुधवार को पेद्दाकोरमा गांव पहुंचकर मारे गए 3 ग्रामीणों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय बीजापुर ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया गया है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि नक्सली संगठन एक तरफ शांति की बात करते हैं, तो दूसरी ओर बेगुनाह ग्रामीणों को आईईडी लगाकर एवं मुखबिरी के नाम पर मार रहे हैं । इससे नक्सल संगठन का दोहरा चरित्र सबके सामने आ चुका है। उन्होने कहा कि शांति वार्ता की बात करने वाले दोहरे चरित्र के नक्सलियों से कभी बातचीत नहीं की जाएगी । शांति की बात कर बेगुनाह लोगों की जान लेने वाले नक्सली संगठन माफी के लायक भी नहीं है । उन्होने कहा कि सुरक्षाबल नक्सलियों को खत्म करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जल्द ही नक्सलियों की बची अंतिम सांस हमेशा के लिए बंद हो जाएगी।

## धर्मांतरण विवाद के बाद राजपुर के एसडीएम और तहसीलदार का हुआ तबादला

**बलरामपुर।** राजपुर में पिछले दिनों हुए कथित धर्मांतरण विवाद के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए राजपुर के एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर और तहसीलदार पूनम रश्मि तिग्गा का तबादला कर दिया गया है। दोनों अधिकारियों पर हिंदू संगठनों ने कार्यकताओं ने चंगाई सभा के आयोजन की अनुमति प्रशासन द्वारा दिए जाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई थी।

जारी आदेश के अनुसार एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर को जिला कार्यालय बलरामपुर में स्थानांतरित किया गया है, जबकि तहसीलदार पूनम रश्मि तिग्गा को कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ किया गया है। वहीं, संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र कुमार प्रधान को राजपुर का अतिरिक्त एसडीएम बनाया गया है और नायब तहसीलदार नरेन्द्र कुमार कंवर को प्रभारी तहसीलदार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## भाठागांव-धमतरी रोड निर्माण से प्रभावित नागरिकों को मिलेगा न्याय - बृजमोहन

**रायपुर।** भाठागांव से धमतरी रोड तक नहर के ऊपर निमार्णाधीन सड़क से प्रभावित नागरिकों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भेंट कर अपनी समस्याएं साझा कीं। नागरिकों ने बताया कि वे विगत 40 वर्षो से अधिक समय से वहां निवासरत हैं और उन्हें बेघर न किया जाए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी प्रभावितों की बातें गंभीरता से सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके साथ न्याय होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, हम विकास भी करेंगे और जनता को भी सुरक्षा और सम्मान के साथ रखेंगे। किसी को भी बेघर नहीं किया जाएगा। यदि किसी की जमीन सड़क निर्माण के दायरे में आती है, तो उन्हें नियमानुसार अन्य स्थान पर वैकल्पिक आवास अथवा आवासीय भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागों से भी समन्वय कर प्रभावितों के पुनर्वास की प्रक्रिया को पारदर्शी और संवेदनशील ढंग से संपन्न कराने की बात कही। आश्वासन पाकर उपस्थित लोगों ने श्री अग्रवाल का आभार जताया।


■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा निर्माण ऑफसेट, आदर्श नगर डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड (मोवा थाना के सामने ) मोवा रायपुर से मुद्रित कर वेलकम टॉवर, शंकर नगर फ्लैट नम्बर बी-1 से प्रकाशित ■ प्रधान संपादक -महेन्द्र सिंह टुटेजा, प्रबंध संपादक - नरेन्द्र सिंह टुटेजा, Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ Email- raipurambikavani@gmail.com